• जयपुर, सोमवार 27 अप्रैल 26 • वर्ष 15 • अंक 182 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIN/2011/40950
दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 जज-रेफ़री बैठक में जिला योगासन प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर रणनीति तय...
पेज @4 किड्स पैराडाइज स्कूल बाड़ी में बोर्ड परीक्षा मेधावी विद्यार्थियों का भव्य...
पेज @8 राजस्थान को एक वर्ल्ड-क्लास पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करना...

# भारत ने विंड एनर्जी में बड़ा मुकाम हासिल किया, दुनिया में चौथे नंबर पर है: पीएम मोदी

## मन की बात में पीएम मोदी का बड़ा संदेश, आत्मनिर्भर भारत हो रहा मजबूत



**नई दिल्ली/एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज महीने की आखिरी रविवार को अपने चर्चित रेडियो कार्यक्रम मन की बात की. इस दौरान उन्होंने विज्ञान से लेकर कई अन्य अहम विषयों पर चर्चा की. इस दौरान उन्होंने कई प्रेरणादायक बातें कही जो आज युवाओं के भविष्य से जुड़ा है.

मन की बात के 133वें एपिसोड में पीएम मोदी ने कहा, चुनावों की भागदौड़ के बीच, आपके मैसेज और चिट्ठियों के जरिए हमने देश के लोगों की कामयाबियों पर खुशी शेयर की है. इस बार, मन की बात की शुरुआत देश की ऐसी ही एक बहुत बड़ी कामयाबी से करते हैं. भारत ने हमेशा साइंस को देश की तरक्की से जोड×कर देखा है. इसी सोच के साथ, हमारे साइंटिस्ट स्पेस प्रोग्राम को आगे बढ़ा रहे हैं. उनकी कोशिशों की वजह से, यह प्रोग्राम देश बनाने में अहम योगदान दे रहा है.

पीएम मोदी ने कहा, कुछ दिन पहले हमारे न्यूक्लियर साइंटिस्ट्स ने एक और बड़ी कामयाबी से भारत को गर्व महसूस कराया. तमिलनाडु के कलपक्कम में फास्ट ब्रीडर रिएक्टर ने क्रिटिकैलिटी हासिल कर ली है. इस स्टेज का मतलब है रिएक्टर के ऑपरेशन फेज की शुरुआत. यह भारत की न्यूक्लियर एनर्जी जर्नी में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है. और बड़ी बात यह है कि यह न्यूक्लियर रिएक्टर पूरी तरह से स्वदेशी टेक्नोलॉजी से बना है. उन्होंने आगे कहा, आज के मन की बात में, मैं एक ऐसी ताकत के बारे में बात करना चाहूंगा जो दिखाई नहीं देती... लेकिन उसके बिना हमारा जीवन एक पल के लिए भी नामुमकिन है. यही वो ताकत है जो भारत को आगे ले जा रही है. ये है हमारी विंड एनर्जी... आज यही विंड पावर भारत के विकास की नई कहानी लिख रही है. भारत ने हाल ही में विंड एनर्जी में एक बड़ा मुकाम हासिल किया है. अब भारत की विंड जेनरेशन कैपेसिटी 56 गीगावॉट से ज्यादा हो गई है. आज भारत विंड एनर्जी कैपेसिटी में दुनिया में चौथे नंबर पर है.

पीएम मोदी ने कहा, मई का महीना एक शुभ मौके के साथ शुरू हो रहा है. कुछ ही दिनों में हम बुद्ध पूर्णिमा मनाएंगे. मैं सभी देशवासियों को पहले से शुभकामनाएं देता हूं. भगवान गौतम बुद्ध का जीवन संदेश आज भी काम का है. उन्होंने हमें सिखाया कि शांति अंदर से शुरू होती है. उन्होंने कहा कि खुद पर जीत सबसे बड़ी जीत है. आज दुनिया जिस तरह के तनाव और संघर्षों से गुज़र रही है, उसे देखते हुए बुद्ध के विचार ऐसे समय में और भी ज़्यादा काम के हैं.

प्रधानमंत्री ने कहा, हमारे देश में 23 जनवरी यानी नेताजी सुभाष की जयंती से लेकर 30 जनवरी यानी गांधीजी की पुण्यतिथि तक गणतंत्र का त्योहार मनाया जाता है. इस त्योहार का एक अहम हिस्सा बीटिंग रिट्रीट है. आज मैं आपसे बीटिंग रिट्रीट के बारे में इसलिए बात कर रहा हूं क्योंकि इसके पीछे एक खास वजह है. इस सेरेमनी में अलग-अलग बैंड के साथ अलग-अलग म्यूजिकल ट्रेडिशन दिखाए जाते हैं. कुछ सालों में इसमें इंडियन म्यूजिक का शामिल होना बढ़ा है, और यह देश के लोगों को भी पसंद आ रहा है. इस साल की बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी काफी यादगार रही. एयर फोर्स, आर्मी, नेवी के बैंड ने शानदार परफॉर्मेंस दी.

इस मौके पर उन्होंने कहा, इस तेजी से बदलते समय में टेक्नोलॉजी हमारी ज़िंदगी का जरूरी हिस्सा बन गई है. आज, हम टेक्नोलॉजी का कमाल देख रहे हैं. यह हमारे अतीत को

**न्यूज़ अपडेट**

### दिल्ली से ज्यूरिख जा रहे विमान के इंजन में आग, 6 यात्री घायल

**नईदिल्ली/एजेंसी।** दिल्ली हवाई अड्डे पर एक बड़े विमान हादसे की खबर है। आज सुबह दिल्ली से ज्यूरिख जा रही स्विस एयरलाइन के विमान के इंजन में खराबी आ गई है। बताया जा रहा है कि उड़ान भरते ही विमान के इंजन में आग लग गई, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इसके बाद यात्रियों को आपातकालीन स्लाइड के जरिए बाहर निकाला गया। इस आपाधापी में 6 यात्रियों के घायल होने की खबर है। जानकारी के मुताबिक, स्विस एयर की फ्लाइट एसडब्ल्यूआर146 रनवे नंबर 28 पर रात करीब 1 बजे तेज टेकऑफ कर रही थी। तभी विमान का इंजन फेल हो गया और आग लग गई। इसके बाद पायलट ने उड़ान टालने का फैसला किया और विमान को खाली कराया गया। विमान में 4 बच्चों समेत 232 यात्री सवार थे, जिन्हें रनवे 28 पर सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस दौरान 6 यात्रियों को चोटें आईं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

एयरलाइन ने कहा, हम यह पूरी तरह से समझने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि इस घटना की वजह क्या थी। स्विस के तकनीकी विशेषज्ञ विमान का मुआयना करने और आगे की कार्रवाई शुरू करने के लिए दिल्ली जाएंगे।

# पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री मोदी की रैली, बोले- पहले चरण में टीएमसी का अहंकार टूट गया

**उत्तर 24 परगना/एजेंसी।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना के बोंगांव में एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का घमंड टूट चुका है। उन्होंने कहा, वोटिंग के पहले चरण में, पश्चिम बंगाल में मतदाताओं की जबरदस्त भागीदारी देखने को मिली है। पहले चरण के साथ ही टीएमसी का घमंड टूट गया है। आखिरी चरण यह पक्का कर देगा कि भाजपा ही सत्ता में आएगी।

प्रधानमंत्री ने कहा, टीएमसी के गुंडे ऐसे व्यवहार करते हैं मानो वे सरकार हों। ममता बनर्जी मां, माटी, मानुष के नारे के साथ सत्ता में आईं, लेकिन अब वे इसका इस्तेमाल नहीं करते, क्योंकि टीएमसी अब घुसपैठियों और गिरोहों का समर्थन करती है। दीदी ने बंगाल के मानुष को पलायन के लिए मजबूर किया है। टीएमसी के बेलगाम जंगल राज की सबसे बड़ी शिकार हमारी बहनें और हमारी बेटियां हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, 15 साल पहले हुगली नदी के आसपास का इलाका कभी मिलों और फैक्ट्रियों का बड़ा केंद्र हुआ करता था, लेकिन आज वहां ताले लगे होने की खबरें आती हैं। ब्रिटिश दौर की फैक्ट्रियां भी बंद हो रही हैं। आज सिर्फ एक ही फैक्ट्री और एक ही दुकान चल रही है- सिंडिकेट की कट-मनी और कमीशनखोरी की दुकान। ऐसी सरकार को जाना ही होगा, ऐसी सरकार को हटाना ही होगा।

बंगाल की महिलाओं के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता इस बात से दिखती है कि पार्टी ने संदेशखाली पीड़िता की मां को टिकट दिया है। संदेशखाली में गुंडे हमारी बहनों के साथ अन्याय करते रहे, जबकि निर्दयी टीएमसी उनका समर्थन करती रही। हम जूट किसानों की चिंताएं समझते हैं, इसलिए केंद्र सरकार ने 11 वर्षों में जूट का एमएसपी दोगुना कर दिया। बंगाल को आपके हर वोट की जरूरत है, ताकि हम टीएमसी के घोटालों, गुंडों और हिंसा से आजादी दिलाएंगे।पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के तहत 142 सीटों पर 29 अप्रैल को मतदान होना है। पहले चरण में 23 अप्रैल को 152 सीटों पर रिकॉर्ड मतदान हुआ था। पहले चरण में 91 प्रतिशत मतदान हुआ है, जो राज्य के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। राज्य की 292 सदस्यीय विधानसभा में सरकार बनाने के लिए बहुमत का आंकड़ा 147 है। चुनावी नतीजे 4 मई को आएंगे।

## पीएम मोदी ने यूएस में कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर फायरिंग घटना पर जताई चिंता, बोले- लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह नहीं

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर के दौरान गोलीबारी की घटना पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिक्रिया सामने आई है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है और इसकी एक स्वर में निंदा की जानी चाहिए। पीएम मोदी ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, वाशिंगटन डीसी के एक होटल में हुई हालिया सुरक्षा घटना के बाद यह जानकर राहत मिली कि राष्ट्रपति ट्रंप, फर्स्ट लेडी और उपराष्ट्रपति सुरक्षित हैं और उन्हें कोई नुकसान नहीं हुआ है।

### देश की जनगणना सिर्फ सरकारी काम नहीं, पीएम मोदी ने लोगों से की जनगणना 2027 को सफल बनाने की अपील

**नई दिल्ली/एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से जनगणना 2027 को मिलकर सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह दुनिया की सबसे बड़ी जनगणना है। देश की जनगणना सिर्फ सरकारी काम नहीं है। यह हम सब की जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम में कहा, देश में इस समय एक बहुत अहम अभियान चल रहा है, जिसके बारे में हर भारतीय को जानकारी होनी जरूरी है। ये जनगणना का अभियान है। जो साथी पहले से इस तरह की प्रक्रिया से गुजरे हैं, इस बार जनगणना का उनका अनुभव अलग होने वाला है। जनगणना 2027 को डिजिटल बनाया गया है। सारी जानकारी सीधे डिजिटल माध्यम में दर्ज हो रही है। घर-घर जाने वाले कर्मचारियों के पास मोबाइल ऐप है। वे आपसे बात करके उसी में जानकारी दर्ज करेंगे। देशवासियों से जनगणना में हिस्सा लेने की अपील करते हुए पीएम मोदी ने कहा, इस बार जनगणना में आपकी भागीदारी भी आसान बनाई गई है, आप खुद भी अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। कर्मचारी के आने से 15 दिन पहले आपके लिए सुविधा शुरू होगी। आप अपने समय के अनुसार जानकारी भर सकते हैं।

### असम में तेज रफ्तार कार ने ट्रक को टक्कर मारी, तीन लड़कियों की मौत

**गुवाहाटी/एजेंसी।** असम के गुवाहाटी में रविवार सुबह एक दर्दनाक सड×क हादसे में तीन लड़कियों की मौत हो गई. तीनों लड़कियां एक कार से घर लौट रही थी तभी रास्ते में उनकी कार की टक्कर एक ट्रक से हो गई. इस हादसे में कार सवार तीनों लड़कियों की मौत हो गई. पुलिस घटना की जांच में जुटी है.

रिपोर्ट के मुताबिक तीन लड़कियां गुवाहाटी में एक कॉमेडी शो देखकर अपने कमरे में लौट रही थी लेकिन रास्ते में उनका एक्सीडेंट हो गया. गुवाहाटी के मथघरिया इलाके में सड×क के पास खड़े एक ट्रक से स्विफ्ट डिजायर गाड़ी की टक्कर हो गई. टक्कर इतनी जबरदस्ती थी कि दो लड़कियों की मौके पर ही मौत हो गई और एक ने गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया.

दुर्घटना सुबह करीब 3.40 बजे हुई. इसकी जानकारी मिलने के बाद नूनमती पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें हॉस्पिटल ले गई. घायल लड़कियों में से दो की पहचान पूजा साहा और आकांक्षा सैकिया के तौर पर हुई. तीसरी लड×की की पहचान अभी नहीं हो पाई है.

### आसनसोल में कार्यकर्ता की हत्या पर राहुल गांधी भड़के, कहा- 'बंगाल में लोकतंत्र नहीं, टीएमसी का गुंडाराज चल रहा'

**नई दिल्ली/एजेंसी।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल के आसनसोल में कांग्रेस के कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की चुनाव बाद हत्या पर कड़ी आलोचना की है। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर देबदीप की हत्या के आरोप लगाए हैं। राहुल ने कहा कि पश्चिम बंगाल में आज लोकतंत्र नहीं, टीएमसी का गुंडाराज चल रहा है। राहुल गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, कांग्रेस के कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की चुनाव बाद टीएमसी से जुड़े गुंडों की ओर की गई हत्या बेहद निंदनीय है। कांग्रेस सांसद ने कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी के परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने पोस्ट में आगे लिखा, पश्चिम बंगाल में आज लोकतंत्र नहीं, टीएमसी का गुंडाराज चल रहा है। वोट के बाद विरोधी आवाजों को डराना, मारना, मिटाना, यही टीएमसी का चरित्र बन चुका है। कांग्रेस की राजनीति कभी हिंसा पर नहीं टिकी, और न कभी टिकेगी। हमने भी अपने कार्यकर्ता खोए हैं, फिर भी हमने हमेशा अहिंसा और संविधान का रास्ता चुना है। यही हमारी विरासत है, यही हमारा संकल्प।

इसके साथ ही, उन्होंने परिवार को पूर्ण सुरक्षा और मुआवजा देने की मांग की।

# गुजरात निकाय चुनाव: पीएम मोदी ने पोस्टल बैलेट से वोट किया, अमित शाह और परिवार ने नारणपुरा में वोट डाला

**अहमदाबाद/एजेंसी।**

गुजरात में विभिन्न स्थानीय निकायों के लिए जारी मतदान के बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पोस्टल बैलेट से वोट डाला, जबकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यहां नारणपुरा के एक पोलिंग बूथ पर अपना वोट डाला.

शाह, उनकी पत्नी सोनल शाह, उनके बेटे और आईसीसी चेयरमैन जय शाह और बहू ऋषिता पटेल ने नारणपुरा सब ज़ोन ऑफिस में अपना वोट डाला.

सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री ऑफिस ने पोस्टल बैलेट सिस्टम के लिए अनुरोध किया था, क्योंकि वे व्यस्त कार्यक्रम की वजह से वे रविवार के चुनाव के लिए अपने गृह राज्य नहीं जा सकते थे.

राज्य चुनाव आयोग के बताए कार्यक्रम के मुताबिक, पोलिंग सुबह 7 बजे शुरू हुई और शाम 6 बजे तक चलेगी. यह चुनाव अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा और राजकोट समेत 15 नगर निगमों, 84 नगर पालिकाओं, 34 जिला पंचायतों और 260 तालुका पंचायतों के लिए हो रहे हैं.

कुल 9,992 उम्मीदवार मैदान में हैं और 4.18 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए पात्र हैं. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सीसीटीवी सर्विलांस और संवेदनशील इलाकों में स्पेशल स्क्वॉड की तैनाती से तीन-स्तर की




सुरक्षा की गई है.

वहीं गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने अहमदाबाद के एक पोलिंग बूथ पर अपना वोट डाला और लोगों से सक्रियता से हिस्सा लेने की अपील की. वोट डालने के बाद मीडिया से बात करते हुए, पटेल ने वोटिंग को एक अधिकार और ड्यूटी दोनों के तौर पर ज़रूरी बताया.

उन्होंने कहा, आज गुजरात में स्थानीय निकाय चुनाव और मतदान का दिन है. सभी को लोकतंत्र के इस पवित्र त्योहार को मनाना चाहिए. यह अधिकार और ड्यूटी दोनों को एक साथ पूरा करने का एक कीमती मौका है. मतदाताओं से अपील करते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा, मैं सभी से वोट देने और भारतीय जनता पार्टी के हर उम्मीदवार को जिताने की अपील करता हूं. उन्होंने मौसम और दूसरी वजहों से मतदान को लेकर चिंता भी चिंता जताई. पटेल ने कहा, गर्मी है, और छुट्टी भी है. दोनों वजहों से, वोटिंग कम हो सकती है. लेकिन मुझे लगता है कि लोग अब वोट देने आना शुरू कर देंगे.

सत्तारूढ़ भाजपा, विपक्षी कांग्रेस और आम आदमी पार्टी मुख्य मुकाबले में हैं, जबकि एआईएमआईएम भी कई जगहों पर चुनाव लड़ रही है. प्रमुख उम्मीदवारों में गुजरात कैडर के पूर्व आईपीएस अधिकारी एम एल निनामा, पूर्व रेडियो जॉकी आभा देसाई और आप के पूर्व विधायक भूपेंद्र भयानी शामिल हैं.

निनामा अरवल्ली ज़िला पंचायत चुनाव के लिए शामलाजी तालुका की ओढ़ सीट से चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि भाजपा ने भयानी को जूनागढ़ ज़िला पंचायत की भेसन सीट से उम्मीदवार बनाया है. देसाई, जिन्हें आरजे आभा के नाम से जाना जाता है, राजकोट म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के वार्ड नंबर 10 से कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रही हैं. नवसारी, गांधीधाम, मोरबी, वापी, आनंद, नाडियाड, मेहसाणा, पोरबंदर और सुरेंद्रनगर समेत नौ नई बनी म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन में भी पहली बार चुनाव हो रहे हैं। वोटों की गिनती 28 अप्रैल को होगी.

# पोषण निगरानी ऐप: कुपोषण के समाधान के लिए डेटा का उपयोग

**प्रो. लिंडसे जैक्स**

हममें से कई लोग अपने डॉक्टरों को इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड में जानकारी दर्ज करते हुए देखते हैं। हम उम्मीद करते हैं कि ये डेटा समय के साथ हमारे स्वास्थ्य की निगरानी करने में मदद करेंगे, जोखिमों की शुरुआत में ही पहचान कर लेंगे और समय पर कार्रवाई को निर्देशित करेंगे। डिजिटल प्रणालियाँ केवल डेटा संग्रह के कारण ही नहीं, बल्कि जानकारी को निर्णय और बेहतर देखभाल में बदलने में मदद करने की वजह से सबसे बेहतर काम करती हैं।

महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा 2021 में लॉन्च किए जाने के बाद, पोषण निगरानी ऐप ने पोषण सेवा अदायगी डेटा को अधिक कार्रवाई-योग्य बनाने का प्रयास किया है। इसका उद्देश्य केवल डिजिटलीकरण करना नहीं, बल्कि बाल विकास और पोषण सेवाओं को दर्ज करने और समीक्षा करने में अधिक गंभीरता और निरंतरता लाना है।

पोषण निगरानी में नियमित रूप से एकत्र किए गए वृद्धि डेटा को अंतिम सिरे पर खड़े व्यक्ति के लिए सार्थक निर्णयों में बदलने की क्षमता है। मासिक वृद्धि निगरानी–यदि सही ढंग से मापी जाए और लगातार रिकॉर्ड की जाए–तो जोखिम के शुरुआती संकेत प्रदान कर सकती है। एक एकल, निरंतर मौजूद इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड, वृद्धि रुझानों को पूरक पोषण उपायों से जोडने में मदद कर सकता है, जैसे घर ले जाने वाला राशन, देखभाल करने वालों का परामर्श और गंभीर कुपोषण से पीड़ित बच्चों को स्वास्थ्य केंद्रों में रेफर करना आदि।

इस दिशा में आगे बढने के लिए, हमें डैशबोर्ड से निर्णय की ओर और गणना से देखभाल की ओर बदलाव करने की आवश्यकता है। अंतर्निहित संकेत, सरल चेकलिस्ट और चेतावनी; आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को कमजोर या गंभीर कुपोषण के शिकार बच्चों के लिए बाद की कार्रवाई करने में मदद कर सकती है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय तथा आरसीएच 2.0 पोर्टल के डेटा के साथ एकीकरण, समन्वय की साथ की गयी घर की यात्रा के जरिये रेफरल फॉलो-अप को और भी मजबूत कर सकता है।

वर्तमान में, एकत्रित वृद्धि डेटा एक महत्वपूर्ण शुरुआती बिंदु प्रदान करता है। मापन प्रथाओं और प्रणाली समर्थन में सुधारों के साथ, यह समय पर निर्णय लेने में भरोसेमंद जानकारी प्रदान कर सकता है। सटीक निर्णय मूलभूत चीज़ों को ठीक करने पर निर्भर करते हैं–भरोसेमंद मापन, सही तकनीकें और कार्यात्मक उपकरण। यदि किसी बच्चे की ऊँचाई या वजन एक महीने में असामान्य रूप से बदलता है, तो प्रणाली को सत्यापन या पुनः मापन का संकेत देना चाहिए। ऐप में शामिल छोटे माइक्रो-वीडियो देखभाल के स्थल पर वजन पैमाने और लंबाई बोर्ड के सही उपयोग को सुदृढ़ कर सकते हैं। समान रूप से महत्वपूर्ण यह सुनिश्चित करना भी है कि प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र में माप-संकेत वाले और कार्यात्मक उपकरण मौजूद हों। ये मूलभूत बातें वृद्धि निगरानी डेटा की उपयोगिता को मजबूत करने के लिए आवश्यक हैं।

पोषण निगरानी डेटा का विश्लेषण डैशबोर्ड से निर्णय लेने की प्रक्रिया में बदलाव का भी समर्थन कर सकता है। सबसे पहले, हमें पता होना चाहिए कि कुपोषण की सबसे अधिक संभावना कब होती है–किस उम्र में और वर्ष के किन महीनों में। क्या यह जन्म के समय होता है? या क्या 0 से 3 महीने या 3 से 6 महीने महत्वपूर्ण हैं, जब माताओं को केवल स्तनपान कराने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है? या यह 6 महीने से 1 साल के दौरान होता है, जब पर्याप्त, उचित और सुरक्षित पूरक आहार की आवश्यकता होती है?

पोषण निगरानी डेटा के विश्लेषण से हमें उन बच्चों के बारे में और ज़्यादा जानने में भी मदद मिल सकती है जो कुपोषण से ठीक हो जाते हैं। क्या कुछ खास ज़िलों के बच्चों में ठीक होने की संभावना ज़्यादा होती है? क्या खरीफ फसल की कटाई वाले महीनों के दौरान बच्चों के ठीक होने की संभावना अधिक होती है? इसी तरह, ऐसे विश्लेषण हमें उन बच्चों के बारे में और भी बहुत कुछ बता सकते हैं जो अपने पूरे बचपन के दौरान बार-बार या लगातार कुपोषण का शिकार होते रहते हैं। क्या ये वे बच्चे हैं, जो जन्म के समय से ही कुपोषण के शिकार थे और बाद में भी पूरी तरह से ठीक नहीं हो पाए? क्या ये वे बच्चे हैं, जिन्हें घर ले जाने वाला राशन नियमित रूप से नहीं मिल रहा है? इस तरह की जानकारी होने पर, स्थानीय स्तर पर पोषण सेवा अदायगी को बेहतर बनाया जा सकता है।

डेटा पर भरोसा बढ़ाना, अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं के कार्यभार में कमी लाने के लिए भी महत्वपूर्ण होगा। प्रणाली में विश्वास बढने के साथ, अधिक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्राथमिक रिकॉर्ड के रूप में ऐप का उपयोग करने की शुरुआत कर रहे हैं। हालांकि, कई जगहों पर, संचार-संपर्क की समस्याओं या अनुपालन आवश्यकताओं के कारण डिजिटल प्रविष्टि के साथ-साथ कागजी रजिस्टर भी रखे जाते हैं। ऑफ़लाइन कार्यक्षमता को मजबूत करना, डेटा की विश्वसनीयता में सुधार करना और डिजिटल-प्रथम कार्यप्रवाह पर स्पष्टता प्रदान करना, सेवा स्थल पर डेटा प्रविष्टि की ओर बदलाव को गति देने और दोहरी रिपोर्टिंग की आवश्यकता को कम करने में मदद कर सकता है। प्रणाली को परिष्कृत करने में अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को शामिल करने से यह सुनिश्चित करने में मदद मिल सकती है कि ऐप उनके काम में सहायक हो। पोषण निगरानी ऐप समय पर और सोच-समझकर फ़ैसले लेने में मदद करने वाला एक भरोसेमंद उपकरण है।

---

**संपादकीय** [redacted]

## विपक्ष इतना आशंकित क्यों है?

चुनावी लोकतंत्र में प्रतिनिधित्व के मूलभूत सिद्धांत को लेकर विपक्ष इतना आशंकित क्यों है? ऐसा नहीं कहा जा सकता कि उसके अंदेशे निराधार हैं। मगर समस्याएं कहीं और हैं। उनके आधार पर बुनियादी सिद्धांत की अनदेखी गलत कदम होगा।

विधायिका में महिला आरक्षण के लिए संसद के बुलाए गए विशेष सत्र में संभवतः लोकसभा सीटों के परिसीमन से संबंधित विधेयक भी पारित किया जाएगा। केंद्र हर राज्य की मौजूदा सीट को डेढ़ गुना कर देने के फॉर्मूले पर आगे बढ़ता दिख रहा है। मगर इस फॉर्मूले के तर्क को समझना मुश्किल है। संसदीय लोकतंत्र में निम्न सदन की सीटें जनसंख्या के अनुपात में तय होती हैं। परिसीमन भी इसी सिद्धांत से होना चाहिए। मगर अपना सियासी प्रभाव घटने की दक्षिणी राज्यों की आशंका के समाधान के तौर पर केंद्र ने एकरूप फॉर्मूला निकाला है। मगर इससे कोई उद्देश्य हासिल नहीं होगा।

दक्षिण की पार्टियां यह कहते हुए इस फॉर्मूले का विरोध कर रही हैं कि इससे उत्तरी राज्यों और उनकी लोकसभा सीटों की संख्या में फासला और बढ़ जाएगा। कांग्रेस भी अपनी राजनीतिक गणना के तहत इस दलील के साथ खड़ी है। अतः ये सवाल अहम हो जाता है कि आखिर चुनावी लोकतंत्र में प्रतिनिधित्व के मूलभूत सिद्धांत को लेकर विपक्ष इतना आशंकित क्यों है? ऐसा नहीं कहा जा सकता कि ये अंदेशे निराधार हैं। मगर उनकी जड़ें नरेंद्र मोदी सरकार के संवाद और सहमति को ठुकराने और अपनी सोच को बुल्डोजरी तरीके से लागू करने में छिपी हैं। केंद्र ने राष्ट्रीय विकास परिषद एवं राष्ट्रीय एकता परिषद जैसे संवाद के मंचों को समाप्त कर दिया है।

बाकी संस्थाओं को नियंत्रित करने की उसकी कोशिशों ने उससे असहमत तबकों और क्षेत्रों में विपरीत भावनाएं पैदा की हैं। उनका असर परिसीमन से जुड़ी बहस पर देखा गया है। संसद का सत्र भी बिना आम–सहमति बनाए उस समय बुलाया गया है, जब पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव का प्रचार चरम पर होगा। स्पष्टतः वहां के सांसदों के लिए इससे मुश्किल खड़ी होगी। मगर, इस पृष्ठभूमि के कारण प्रतिनिधित्व के बुनियादी सिद्धांत की अनदेखी गलत परिपाटी को जन्म देगी। परिपक्व लोकतांत्रिक देशों में जनता के सदन को संतुलित करने के लिए अधिकार–प्राप्त उच्च सदन की व्यवस्था की गई है। भारत में ये व्यवस्था आंशिक रूप से ही कारगर है। बहरहाल, समस्या जहां है, उससे कहीं अलग हल ढूंढना नई समस्याओं को जन्म देगा।

---

# देश में संसद की पवित्रता की बहस

**अजीत द्विवेदी**

भारत में किसी भी चीज को नष्ट करने के कई तरीकों में से एक तरीका यह है कि उसे पवित्र बना दिया जाए। उसे पूजा के योग्य बना दिया जाए। जैसे ही हमारे यहां कहा जाए कि अमुक चीज तो पवित्र है और हम उसकी पूजा करते हैं तो समझ लें कि वह चीज ज्यादा समय तक नहीं रहने वाली है। उसका नष्ट होना अवश्यम्भावी है। मिसाल के तौर पर भारत में नदियों की स्थिति देखी जा सकती है। नदियों को भारत में माता का दर्जा दिया जाता है और पूजा की जाती है लेकिन पूजा करने वाला व्यक्ति भी नदी की साफ सफाई और उसकी पवित्रता का ध्यान नहीं रखता है। सारा कचरा नदियों में जाता है, लोगों के घरों के गंदे नाले नदियों में जाते हैं, औद्योगिक इकाइयों का कचरा नदियों में गिरता है, इसके अलावा और क्या क्या होता वह लिखने की जरुरत नहीं है। सरकारें हजारों करोड़ रुपए खर्च करती हैं और किसी भी नदी की सफाई नहीं हो पाती है।

ऐसे ही हमलोगों ने पहाड़ों को पूजना शुरू किया और अपने लालच में उनकी ऐसी खुदाई शुरू की या पहाड़ काट कर ऐसे निर्माण शुरू किए कि हर पर्वत शृंखला अस्तित्व का संकट झेल रही है। इसी तरह भारत में पेड़ों की पूजा होती है और फिर ऐसी अंधाधुंध कटाई होती है कि लाखों, करोड़ों हेक्टेयर में फैले जंगल समाप्त हो गए। हम अपनी देवियों की पूजा करते हैं और हमारे घरों में स्त्रियों की क्या स्थिति है यह राष्ट्रीय क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं। ऐसी अनेक मिसालें और भी दी जा सकती हैं। लेकिन विषय को समझने के लिए इतना पर्याप्त है।

इतनी लंबी भूमिका की जरुरत इसलिए थी क्योंकि इस समय देश में संसद की पवित्रता की बहस चल रही है। बहुत सारे लोगों की भावनाएं इस बात से आहत हैं कि राहुल गांधी संसद की सीढियों पर समोसे खा रहे थे और चाय पी रहे थे। असल में कुछ दिन पहले राहुल गांधी ने लोकसभा से निलंबित सांसदों के साथ मकर द्वार के पास बैठ कर समोसे खाए थे और चाय पी थी। इसे लेकर भाजपा के सांसदों ने नाराजगी जताई तो देश के दो सौ से ज्यादा कथित गणमान्य लोगों के चिी लिखने की भी खबर आई, जिसमें राहुल गांधी के व्यवहार को संसद की गरिमा के विरूद्ध बताया गया और उनकी आलोचना की गई। इससे पहले भाजपा के सांसदों ने तृणमूल के एक बुजुर्ग सांसद की शिकायत स्पीकर से की थी, जिसमें कहा गया है कि वे संसद परिसर में सिगरेट पी रहे थे। संसद के अंदर ई सिगरेट पीने की शिकायत भी की गई। ऐसे ही कांग्रेस की एक सांसद कुत्ता लेकर संसद परिसर में आ गई थीं तो उसकी भी बड़ी आलोचना हुई थी।

इसमें से ज्यादातर घटनाएं सामान्य मानवीय व्यवहार से जुड़ी हैं। हो सकता है कि किसी सांसद के सामान्य मानवीय व्यवहार से कोई दूसरा सदस्य आहत हो जाए। जैसे फिल्म अभिनेत्री से सांसद बनीं भाजपा की एक नेता को राहुल गांधी का व्यवहार 'टपोरी' जैसा लगता है और उनका दावा है कि राहुल गांधी को देख कर महिला सांसद असहज हो जाती हैं। ऐसे ही राहुल गांधी या किसी अन्य सांसद के सीढियों पर खाना खाने से या संसद परिसर में सिगरेट पीने से कुछ लोगों की भावनाएं आहत होती हों। लेकिन इससे संसद की गरिमा और पवित्रता नष्ट होती है, ऐसा नहीं माना जा सकता है। आखिर संसद के अंदर भी खाने की कैंटीन है। लोग खाना खाते हैं। कुछ दिन पहले ही तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने संसद की सीढियों पर पूरी रात धरना दिया तो वे उन्होंने वही खाना खाया और वही पर सोए। पहले भी ऐसा होता रहा है। इसलिए ऐसी बातों का मुद्दा बना कर विपक्ष के नेताओं को गैरजिम्मेदार, अगंभीर और गरिमामय आचरण नहीं करने का दोषी तो बताया जा सकता है लेकिन इसे संसद की गरिमा और पवित्रता के विरूद्ध बताना उचित नहीं है।

संसद की गरिमा और पवित्रता ऐसी चीजों से तय नहीं होती हैं। संसद की गरिमा और पवित्रता इससे तय होती है कि संसद में किस तरह के विधायी कामकाज होते हैं। देश के 140 करोड़ से ज्यादा लोगों का भाग्य तय करने वाले लोग वहां बैठते हैं, वे कैसे इतने लोगों की किस्मत तय करने वाले फैसले करते हैं, इससे संसद की गरिमा तय होती है। संसद के सदस्य सदन के अंदर किस तरह का आचरण करते हैं, किस तरह संवाद करते हैं, किस तरह की बहस करते हैं इससे तय होगा कि संसद का कितना सम्मान है और कितनी गरिमा है। संसद के संचालन में पक्ष और विपक्ष के बीच समन्वय बनता है या नहीं या सत्तापक्ष की ओर से विपक्ष को अपनी बात रखने का स्पेस दिया जाता है या नहीं इससे तय होगा कि संसद कितनी पवित्र है। इसमें पक्ष और विपक्ष दोनों के ही सांसदों का आचरण शामिल है।

संसद में जरूरी मसलों पर चर्चा नहीं हो। 140 करोड़ लोगों की किस्मत तय करने वाले विधेयक मिनटों में बिना किसी बहस के पास हो जाएं। विपक्ष को बोलने का मौका नहीं दिया जाए या बोलने से रोका जाए। विधेयकों को संसदीय समितियों के सामने नहीं भेजा जाए या संसदीय समितियों की रिपोर्ट्स को गंभीरता से नहीं लिया जाए। संसदीय समितियों में बहुमत के दम पर हर बार सरकार के पक्ष को स्वीकार किया जाए और विपक्ष की मांग खारिज हो। विधेयकों पर विपक्ष की आपत्तियों को बिना चर्चा के खारिज कर दिया जाए।

---

## आज का राशिफल

### मेष राशि:

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक रहने वाला है। आज घरेलू काम पूरा करने में आपको घर के सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा। आज सहपाठी अपनी कुछ पर्सनल बातें आपसे शेयर कर सकता है। आप दोस्त की मदद के लिये हमेशा तैयार रहेंगे। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आप किसी विषय पर शिक्षकों से चर्चा करेंगे।

### वृषभ राशि:

आज आपका दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। शुरुआत में आपको लगेगा कि आपके काम पूरे हो रहे हैं, लेकिन शाम होते-होते काम रुक सकता है। आज जरूरी काम करने से पहले घर के बड़ों या किसी अनुभवी व्यक्ति से विचार विमर्श अवश्य करें। माता-पिता के आशीर्वाद से आज सभी बाधाओं को दूर करने में आप सक्षम रहेंगे। आपके दिमाग में खुद-ब-खुद नये-नये विचार आते रहेंगे। जो लोग सरकारी नौकरी में हैं, उनके लिये दिन ठीक रहने वाला है।

### मिथुन राशि:

आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। जो छात्र 12वीं के बाद कॉलेज में एडमिशन लेने की सोच रहे हैं उनके लिये आज का दिन अच्छा है। साथ ही जो छात्र हॉयर एजुकेशन के लिये विदेश जाना चाहते हैं, वे किसी से इस बारे में राय ले सकते हैं। आज रुपये पैसों की लेन-देन में आपको थोड़ी सावधानी रखने की जरूरत है। किसी को पैसे उधार देने से पहले अच्छे से जांच-पड़ताल कर लें।

### कर्क राशि:

आज का दिन आपके लिए लकी होने वाला आपको कुछ जरूरी कामों में दोस्तों की मदद मिलेगी। कई दिनों से अटका हुआ पैसा आपको वापस मिल सकता है, आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन उत्तम है, पहले दी गई किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। परिवार में सौहार्दपूर्ण माहौल बना रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। बिना वजह की उलझनें जीवन से अपने आप दूर हो जायेंगी।

### सिंह राशि:

आज आपका दिन बेहतर रहेगा। किसी बड़े व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो सकती है। आने वाले समय में वह आपके लिये बहुत ही उपयोगी साबित होगा। जो लोग टूर एंड ट्रैवल के बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिये दिन अच्छा रहने वाला है। बिजनेस से जुड़े लोगों को कुछ बड़े प्रोजेक्ट मिल सकते हैं। आज अपनी वाणी पर संयम रखें। आपके मुंह से निकली हुई एक गलत बात आपके रिश्तों को खराब कर सकती है।

### कन्या राशि:

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको मन मुताबिक फल मिलेंगे। अगर आप अपने बिजनेस को किसी दूसरी जगह पर शिफ्ट करना चाह रहे हैं, तो एक बार जगह अच्छे से देख लें। नौकरी करने वाली महिलाओं के लिये भी दिन बढिया रहेगा, बॉस और अन्य सहयोगियों के साथ आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे। ऑफिस में किसी काम के लिये आप खुद से जिम्मेदारी ले सकते हैं। आज आपके बिजनेस में तरक्की होगी।

### तुला राशि:

आज आपका दिन बहुत शानदार रहने वाला है। आज आपके कार्य जरूर सफल रहेंगे। जो लोग लंबे समय से अपनी कन्या के लिये वर की तलाश कर रहे हैं, उनकी तलाश आज पूरी हो सकती है। कन्या के लिये आपको सुयोग्य वर मिलने के योग हैं। कोर्ट कचहरी के मामलों में भी आपको अच्छी खबर मिल सकती है। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन सामान्य रहेगा। आपको जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। आप उनके साथ किसी ट्रिप पर जाने की प्लानिंग भी बना सकते हैं। इस राशि के शिक्षकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

### वृश्चिक राशि:

आज आपका दिन बढिया रहने वाला है। आज आपके मन में नये-नये विचार आयेंगे, जिन्हें आप अपनी दिनचर्या में उतारने में कामयाब रहेंगे। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उनके लिये दिन बहुत-सी तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आज आपकी पार्टी आपको बड़ा पद भी दे सकती है। जनता के बीच आपका मान सम्मान भी बढ़ेगा। जो लोग लोहे के व्यापार से जुड़े हैं, उनके व्यापार में वृद्धि होगी। छात्रों के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

### धनु राशि:

आज आपका दिन शुभ फलदायक रहेगा। कला और साहित्य से जुड़े लोगों को आज प्रसिद्धि मिलेगी। आपको किसी बड़े ग्रुप से जुडने का मौका मिलेगा। आज ज्यादा से ज्यादा समय आप अपने घर वालों के साथ बितायेंगे। आप सबके साथ कहीं घूमने जाने का प्लान भी बना सकते हैं। आज धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। छोटे उद्योगों में निवेश के लिये दिन अच्छा साबित हो सकता है। किसी प्रोडक्ट की मार्केटिंग के लिये भी दिन अच्छा है।

### मकर राशि:

आज आपका दिन पहले की अपेक्षा बेहतर रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों को पहले से ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आज स्वास्थ्य पर ध्यान देने की भी जरूरत है। किसी भी तरह की लापरवाही करने से आपको बचना चाहिए। जो लोग थोक विक्रेता है, उनको आज विशेष लाभ होगा। किसी दूसरे शहर से सामान मंगवाना हो, तो आज इससे जुड़े निर्णय ले सकते हैं।

### कुंभ राशि:

आज दिन आपके लिए सम्मानजनक रहेगा। आज घर और बाहर हर जगह आपकी तारीफ होगी, हर व्यक्ति आपके अच्छे व्यवहार से प्रभावित होगा। आज समाज से जुड़े कार्यों को करने के लिये दिन उत्तम है। आप किसी एनजीओ की शुरुआत या किसी सामाजिक संगठन से जुड़ सकते हैं। धार्मिक कार्यों के प्रति आस्था में बढ़ोतरी होगी। आज आप अपने कार्यों में जल्दबाजी करने से बचें। आज ऑफिस में सहकर्मी आपसे कुछ सीखना चाहेंगे। किसी काम के लिये आपको ऑफिस में अवॉर्ड भी मिल सकता है।

### मीन राशि:

आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी, जिससे आपका मनोबल बढ़ेगा। परिवार में सभी के साथ रिश्ते और बेहतर होंगे। घरेलू कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आज जिन विद्यार्थियों का कंप्यूटर साइंस का एग्जाम है, उनकी सफलता सुनिश्चित होगी। किसी नए प्रोजेक्ट में मित्रों की सलाह लेना लाभदायक रहेगा। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाने की योजना बनायेंगे। शाम को अपने बच्चों के साथ बेहतर टाइम स्पेंड करेंगे। पैसों के मामले में कुछ लोग बेहद मददगार साबित होंगे।

---

## शब्द सामर्थ्य -020

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा–सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**
1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | | | | ■ | 7 | 8 |
| 9 | | | ■ | | ■ | 10 | | |
| | ■ | 11 | | ■ | 12 | | ■ | |
| ■ | 13 | ■ | ■ | 14 | | | ■ | ■ |
| 15 | | 16 | | ■ | | ■ | ■ | 17 |
| | ■ | | ■ | 18 | | 19 | ■ | |
| | ■ | 20 | | | ■ | 21 | | |
| ■ | 22 | | ■ | 23 | | | ■ | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 019 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | ■ | आ | वा | जा | ही | ■ | ■ |
| मा | ■ | खू | ब | ■ | दू | र | स्थ | ■ |
| ना | दा | न | ■ | सा | ग | ■ | ल | क्ष्य |
| ■ | न | ख | ■ | त | र | ल | ■ | ■ |
| ■ | वी | रा | न | ■ | ■ | च | ट | क |
| ■ | र | ब | ■ | आ | ज | क | ल | ■ |
| ■ | ■ | ■ | आ | ग | ■ | दा | ना | ■ |
| ■ | अ | ग | र | म | ग | र | ■ | क्रो |
| भा | भी | ■ | ती | न | ■ | ■ | व | ध |

## सू- दोकू क्र.020

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.019 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

# जज-रेफरी बैठक में जिला योगासन प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर रणनीति तय

चमकता राजस्थान



**ब्यावर।** जिला योगासन संगठन, ब्यावर के तत्वावधान में आज भंवरलाल गोटी स्कूल में जज एवं रेफरी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक संपन्न हुई, जिसमें आगामी जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में ब्यावर योगासन स्पोर्ट्स की सचिव जसमीत कौर सलूजा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता 2 एवं 3 मई 2026 को भंवरलाल गोटी स्कूल में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से जज एवं रेफरी को विभिन्न जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं तथा तकनीकी बिंदुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

अपने संबोधन में जसमीत कौर ने कहा कि प्रतियोगिता ‘‘कोड ऑफ पॉइंट्स’’ के अंतर्गत आयोजित की जाएगी, जिसमें निष्पक्ष निर्णय, अनुशासन एवं समय-पालन अत्यंत महत्वपूर्ण होंगे। उन्होंने जज एवं रेफरी को निर्देशित किया कि वे प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन निर्धारित मानकों के अनुसार करें। मूल्यांकन में योगासन की शुद्धता, संतुलन, समय-निर्धारण एवं प्रस्तुति को विशेष महत्व दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में 10 वर्ष से 55 वर्ष तक के खिलाड़ी भाग लेंगे तथा एक प्रतिभागी अधिकतम चार इवेंट में हिस्सा ले सकेगा। उन्होंने युवाओं, बच्चों ,महिला एवं वरिष्ठ जनों से इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लेने की प्रेरणा दी। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन लिंक जारी किया गया है और पूरे शहर से सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है। साथ ही प्रतिभागियों को निरंतर अभ्यास, अनुशासन एवं समर्पण के साथ तैयारी करने की प्रेरणा दी गई, ताकि वे भविष्य में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम गौरवान्वित कर सकें।

बैठक में प्राची तोषनीवाल, यशपाल यादव (शारीरिक शिक्षक), दीपा टीलवानी, शकुंतला चौहान, नवीन चौहान, तनीषा चौहान सहित अन्य जज एवं रेफरी उपस्थित रहे।

अंत में सभी ने प्रतियोगिता को सफल बनाने हेतु समन्वय, सहयोग एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### रावला मंडी में भीषण आग, जांबाजों ने बचाई जान और माल



**चमकता राजस्थान/श्रीगंगानगर (संजय बिश्नोई) रावला मंडी।** इलाके में अचानक लगी आग ने अफरा-तफरी मचा दी, लेकिन समय रहते दिखाए गए साहस और सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया। आग लगने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे कांस्टेबल रवि नायक, फायर/फ्रेट टीम के सदस्य और टैंकर चालक साहबराम ने बिना समय गंवाए मोर्चा संभाल लिया। तीनों ने मिलकर तत्परता और बहादुरी का परिचय देते हुए आग पर काबू पाने का काम शुरू किया। हालात गंभीर थे, लेकिन टीमवर्क और हिम्मत के दम पर आग को फैलने से रोक लिया गया। अगर समय रहते कार्रवाई नहीं होती तो नुकसान कहीं ज्यादा बड़ा हो सकता था। स्थानीय लोगों ने भी इन जांबाजों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी बहादुरी और समझदारी से कई लोगों की जान और लाखों का सामान सुरक्षित बच गया। इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि आपात स्थिति में सही समय पर लिया गया फैसला और टीमवर्क कितना अहम होता है।

### रायसिंहनगर में जमीन विवाद ने पकड़ा तूल, एक तरफ भीम आर्मी का धरना, दूसरी ओर मालिक की गुहार

**चमकता राजस्थान/श्रीगंगानगर।** जिले के रायसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र के गांव 2 टीके में एक जमीन विवाद अब तूल पकड़ता जा रहा है। एक तरफ भीम आर्मी के कार्यकर्ता धरने पर बैठे हैं, वहीं दूसरी ओर जमीन का असली मालिक सामने आकर न्याय की गुहार लगा रहा है। मामले के अनुसार, जमीन मालिक का कहना है कि उसके पिता ने वर्ष 1981 में भेड़-बकरियां बेचकर यह जमीन खरीदी थी। उस समय जमीन की रजिस्ट्री हो गई थी लेकिन इंतकाल (नामांतरण) की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। पिता ने जिंदगी भर इंतकाल चढ़वाने के लिए अधिकारियों के चक्कर काटे, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली और इसी संघर्ष के बीच उनका निधन हो गया। अब पिछले करीब 20 वर्षों से बेटा भी उसी जमीन का इंतकाल करवाने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगा रहा है, लेकिन अब तक समाधान नहीं हो पाया है। पीड़ित का आरोप है कि जिस व्यक्ति से जमीन खरीदी गई थी, उसके वारिस अब उस जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं।

इधर, इस पूरे मामले को लेकर भीम आर्मी ने मोर्चा खोल दिया है और धरने पर बैठकर कार्रवाई की मांग कर रही है। धरने के चलते माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है और प्रशासन पर भी दबाव बढ़ता जा रहा है। अब सबकी नजर प्रशासन पर टिकी है कि वह इस पुराने विवाद को किस तरह सुलझाता है और असली हकदार को न्याय दिलाता है या नहीं। आने वाले दिनों में इस मामले में क्या नया मोड़ आता है, यह देखना बेहद अहम होगा।

### चूल्हे की चिंगारी से भीषण आग, 6 बकरियां जिंदा जली एक युवती कौशल्या मीणा झुलसी



**रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा ।** जिले केलालसोट में मंडावरी क्षेत्र के सुरतपुरा गांव में रविवार शाम करीब 5:15 बजे चौकीदार की ढाणी में चूल्हे की चिंगारी से लगी आग, आग ने देखते ही देखते छप्पर पोश को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे 6 बकरियां जिंदा जली, आग बुझाने के दौरान युवती कौशल्या मीणा झुलसी। वही छप्पर में रखा सामान चारपाई व खाने-पीने का सामान जलकर हुआ राख। सूचना पर पुलिस व दमकल विभाग टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था। ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार के लिए प्रशासन से मुआवजे की मांग की गई है।

### देशव्यापी बंद के समर्थन में आज खाद बीज की दुकानें रहेगी बंद



**चमकता राजस्थान/ रामगढ़।** देश के खाद बीज व कीटनाशक व्यापारियों के राष्ट्रीय संगठन ऑल इंडिया एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन एवं राजस्थान एग्रीकल्चर इनपुट डीलर्स एसोसिएशन के आह्वान पर आज रामगढ़ तहसील के समस्त खाद बीज विक्रेता एक दिन की सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे रामगढ़ खाद बीज विक्रेता संघ के सचिव राजवीर गुर्जर ने बताया की उर्वरक कंपनी की मनमानी एवं सरकार की नीतियों के विरोध में यह सांकेतिक हड़ताल की जा रही समस्त आदान कृषि व्यापारियों के द्वारा सुबह 10 बजे माननीय प्रधानमंत्री जी के नाम उपखंड अधिकारी रामगढ़ को प्रमुख मांगों को लेकर ज्ञापन दिया जाएगा है ।

महिलाओं को योजनाओं व निःशुल्क कानूनी सहायता की जानकारी

## हिंसा को ना कहें, न्याय की राह चुनें ,सखी वन स्टॉप सेंटर में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

चमकता राजस्थान



**खरगोन।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मण्डलेश्वर श्री अखिलेश जोशी के निर्देशानुसार आज सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला एवं बाल विकास विभाग,खरगोन में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डलेश्वर सुश्री प्रीति जैन ने महिलाओं के लिए संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं, विधिक सेवाओं एवं निःशुल्क कानूनी सहायता से संबंधित जानकारी प्रदान की। उन्होंने महिलाओं से हिंसा से दूर रहकर न्यायिक प्रक्रिया को अपनाने का आह्वान किया।इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी चंद्रेश मंडलोई द्वारा नालसा एवं सालसा द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र व्यक्तियों को इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम के दौरान सखी वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक सुश्री सरस्वती सोनी, संस्था के कर्मचारीगण एवं पैरालीगल वॉलिंटियर नीलम ओमप्रकाश पगारे उपस्थित रहे। शिविर का उद्देश्य महिलाओं में विधिक जागरूकता बढ़ाना एवं उन्हें सशक्त बनाना रहा।

## श्रीगंगानगर में प्रतिभा का सम्मानः RAS में 8वीं रैंक लाने पर शालू कस्वा का अभिनंदन



**चमकता राजस्थान/श्रीगंगानगर (संजय बिश्नोई)।** राजस्थान प्रशासनिक सेवा (RAS)-2024 के परिणामों में शानदार सफलता हासिल करने वाली रायसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र के गांव 50 एनपी ततारसर निवासी चेतराम कस्वा की बेटी शालू कस्वा का सम्मान किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद निहाल चंद मेघवाल एवं पूर्व विधायक लालचंद मेघवाल के निवास पर एक सादगीपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां शालू को माला पहनाकर और शुभकामनाएं देकर सम्मानित किया गया। शालू कस्वा ने फ्अर-2024 परीक्षा में 8वीं रैंक प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूर्व विधायक लालचंद मेघवाल ने इस मौके पर कहा कि शालू की यह सफलता मेहनत, लगन और संघर्ष का परिणाम है। उन्होंने कहा कि ‘‘आपकी इस शानदार उपलब्धि ने पूरे समाज और क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। आपकी सफलता हर युवा के लिए प्रेरणा का स्रोत है।’’ कार्यक्रम के दौरान शालू कस्वा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और निरंतर प्रयास को दिया। उन्होंने युवाओं को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने का संदेश भी दिया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे, जिन्होंने शालू को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## संस्कृत व्याकरण विशेषज्ञ व शिक्षक ऋषभ पारेख ‘सिद्धहेमव्याकरण रत्न’ विभूषण से सम्मानित

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** संस्कृत व्याकरण विशेषज्ञ व शिक्षक ऋषभ पारेख को ‘सिद्धहेमव्याकरण रत्न’ विभूषण से सम्मानित किया गया। शिवगंज सिरोही निवासी ऋषभ पारेख का यह सम्मान शंखेश्वर जैनतीर्थ गुजरात में जैनाचार्य सिद्धहस्त लेखक विजय पूर्णचन्द्र सूरीश्वरजी महाराज और श्रुतरक्षा प्रेरक विजय युगचन्द्र सूरीश्वरजी के सान्निध्य में श्रुततीर्थ के ट्रस्टी गौतमभाई सांखला और शिवगंज जैन संघ अध्यक्ष प्रवीण ने सुवर्ण मुद्रिका स्मृति चिह्न व 1 लाख रुपए देकर सम्मानित किया गया। बीकानेर के अभय जैन ग्रन्थालय निदेशक ऋषभ नाहटा ने पारेख को बधाई शुभकामनाएं दी। साथ ही जीरावला पार्श्वनाथ तीर्थ के महामंत्री प्रकाश सीरोडीवाले, नाकोडा तीर्थ जैन ज्ञानशाला के प्राचार्य नरेन्द्र कोरडिया, ऐन्टी टेररीस्ट फ्रन्ट के चेयरमैन मनिंदरजीत सिंह बिट्टा, जयनारायण मीणा, सुविख्यात रमेशभाई ओझा, संस्कृत भारती गुजरात, हेमचन्द्राचार्य संस्कृत पाठशाला गुरुकुलम् साबरमती के डायरेक्टर जितेन्द्र शाह, ललित नाहटा नई दिल्ली ने स्वहस्ताक्षर सह हार्दिक शुभकामना अभिनंदन पत्र भेंट कर पारेख का सन्मान किया। इस दौरान जैनाचार्य युगचन्द्र सूरिजी महाराज, ज्ञानदाता मूलशंकर ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन कुणाल भाई ने किया।





## सहारनपुर में दीक्षांत परेड समारोह, नए पुलिस आरक्षियों ने ली शपथ

**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** रिजर्व पुलिस लाइन में उत्तर प्रदेश पुलिस के प्रशिक्षु आरक्षियों का दीक्षांत परेड समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, अभिषेक सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर अभिनंदन ने उनका स्वागत किया। डीआईजी अभिषेक सिंह ने परेड का निरीक्षण किया और प्रशिक्षु आरक्षियों द्वारा दिखाए गए अनुशासन और ड्रिल की सराहना की। उन्होंने कहा कि पुलिस सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि समाज की सेवा का एक माध्यम है। उन्होंने आरक्षियों से ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की अपेक्षा की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने बताया कि दीक्षांत परेड में प्रशिक्षु आरक्षियों ने अपने कठोर प्रशिक्षण के उपरांत कौशल और समर्पण का प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आरक्षियों को पुरस्कृत किया।

दीक्षांत परेड में आरक्षियों ने संविधान और कानून के प्रति निष्ठा, ईमानदारी और निष्पक्षता से कर्तव्यों का निर्वहन करने की शपथ ली।

## दीक्षांत समारोह में सम्मानित हुए डॉ. लक्ष्मणलाल




**चमकता राजस्थान/मोहन भटनागर/नाडोल (पाली)।** अध्यापक लक्ष्मणलाल राठौड़ को दिल्ली में सम्मानित किया गया। डा. लक्ष्मणलाल राठौड़ ने बताया कि यूनाइटेड अमेरिकन यूनिवर्सिटी से ढँऊकंप्लीट करने पर यूनाइटेड अमेरिकन यूनिवर्सिटी फॉर लीडरशिप एंड एक्सीलेंस के दीक्षांत समारोह में नाडोल निवासी व गिराली गांव के विद्यालय में कार्यरत अध्यापक लक्ष्मणलाल राठौड़ को सोशल वर्क विषय में ढँऊ की मानद उपाधि प्रदान की गई। समारोह में डॉ. लक्ष्मणलाल ने विश्वविद्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारियों से उपाधि ग्रहण की। इन्होंने अपना शोध कार्य डॉ. ड. सुकुमारा के निर्देशन में पूरा किया। शिक्षण के साथ-साथ शोध कर उन्होंने समाज कार्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। दिल्ली में यूनाइटेड अमेरिकन यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में अध्यापक लक्ष्मणलाल सोशल वर्क में ढँऊकी उपाधि ग्रहण करते हुए तथा मंच पर विश्वविद्यालय के कुलपति व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर शिक्षा जगत, परिजनों व इष्ट-मित्रों ने डॉ. लक्ष्मणलाल को बधाई दी।

## टैक्स चोरी करके दिल्ली से प्राइवेट बसों में लाया जा रहा इलेक्ट्रॉनिक्स सामान



**चमकता राजस्थान/सुनील कुमार ब्यूरो हमीरपुर/सुमेरपुर।** दिल्ली से आने वाली प्राइवेट बसों में घरेलू इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के सामानों की टैक्स चोरी करके कस्बे में लाकर खपाया जा रहा है। वाणिज्य कर विभाग की आंखों के नीचे यह खेल प्रतिदिन खेला जा रहा है और विभाग अनजान बना हुआ है।

दिल्ली से बांदा, दिल्ली से महोबा, दिल्ली से मौदहा तक प्रतिदिन करीब दो दर्जन प्राइवेट सेक्टर की बसों का आना जाना है। इन बसों से प्रतिदिन घरेलू इलेक्ट्रॉनिक सामान टैक्स चोरी करके कब्जे में लाकर व्यापार किया जा रहा है। यह सभी बसें मुख्यालय से गुजर कर यहां तक आती है। राठ तिराहे पर वाणिज्य कर विभाग की सचल टीम की तैनाती भी रहती है। इसके बाद यह बसें छतों में सामान लादे उनकी आंखों के सामने से गुजर जाती है। लेकिन इनको सामान नजर नहीं आता। कस्बे में ज्यादातर बसें सामान बांदा मार्ग में रानी लक्ष्मीबाई तिराहा के समीप उतारती हैं। यहीं से संबंधित दुकानदार सामान ले जाते हैं। रविवार को ऐसा ही नजारा कैमरे में कैद किया गया। मीडिया का कैमरा चलते ही बस के चालक, परिचालक व हेल्पर आदि के हाथ पैर फूल गए। सचल दल वाणिज्य कर के अधिकारी प्रियदर्शी कटियार से बातचीत का प्रयास किया गया। परंतु उनका फोन ही रिसीव नहीं हुआ।

जेलों में लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण की पहल

# प्रदेशव्यापी विशेष जेल लोक अदालत का शुभारंभ

चमकता राजस्थान



**खरगोन।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के तत्वाधान में रविवार को ग्वालियर की केन्द्रीय जेल में प्रदेशव्यापी विशेष जेल लोक अदालत की शुरुआत की गई।मुख्य न्यायाधिपति म.प्र. उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,जबलपुर संजीव सचदेवा द्वारा लोक अदालत का उद्घाटन किया गया।इस अवसर पर जिले की जिला जेल खरगोन को भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाइन जोड़ा गया, जहां लोक अदालत की खण्डपीठ की बैठक आयोजित हुई।ऑनलाइन उद्बोधन में यह संदेश दिया गया कि स्थायी शांति के लिए दोनों पक्षों के बीच राजीनामा आवश्यक है। यह भी कहा गया कि हर व्यक्ति में सुधार की संभावना होती है और जेल से बाहर आकर समाज का सकारात्मक हिस्सा बनकर रोजगार

### बंदियों को न्याय व पुनर्वास का अवसर

से जुड़ते हुए अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया जा सकता है।कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मण्डलेश्वर अखिलेश जोशी, जिला न्यायाधीशगण, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट खरगोन, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला विधिक सहायता अधिकारी, जिला जेल प्रशासन के अधिकारी, चीफ लीगल एड डिफेंस, डिप्टी एवं असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल, पैनल लॉयर्स तथा पैरालीगल वॉलेंटियर्स उपस्थित रहे।इस विशेष पहल का मुख्य उद्देश्य जेलों में लंबे समय से लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करना है, ताकि बंदियों को समय पर न्याय मिल सके और न्याय व्यवस्था पर बढ़ते बोझ को कम किया जा सके। यह विशेष जेल लोक अदालत जिले में न्याय तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने तथा बंदियों को कानूनी राहत प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# किड्स पैराडाइज स्कूल बाड़ी में बोर्ड परीक्षा मेधावी विद्यार्थियों का भव्य सम्मान समारोह आयोजित

चमकता राजस्थान

**धौलपुर रामदास तरुण। बाड़ी उपखंड की खबर।** किड्स पैराडाइज स्कूल बाड़ी में आज का दिन विद्यार्थियों के लिए उत्साह और गर्व का विशेष अवसर रहा। इस वर्ष दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि विद्यार्थियों को उनके आदर्श बाड़ी शहर के थाना अधिकारी देवेंद्र कुमार शर्मा, डॉ. शिव




दयाल मंगल , कस्टम विभाग से सेवानिवृत्त जे.पी. रावत, सिंगोरई स्कूल के प्रिंसिपल जसवंत सिंह, अपना घर के संरक्षक विष्णु महेरे, अग्रवाल सेवा समिति के अध्यक्ष विजय सिंघल एवं दानवीर विष्णु सिंघल सहित शहर की कई प्रमुख हस्तियों के हाथों सम्मान प्राप्त हुआ।

दसवीं बोर्ड परीक्षा में 98.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राजस्थान राज्य की मेरिट में आठवां स्थान एवं बाड़ी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली रौनक बंसल का सम्मान उनके पिताजी राजकुमार बंसल ने ग्रहण किया। इसी प्रकार छात्रा अपूर्वा सिंह सुपुत्री राजन सिंह मीणा को राज्य स्तर पर सोलहवीं मेरिट प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। दोनों छात्राओं को पुरस्कार स्वरूप कूलर प्रदान किए गए। स्कूल में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली अदिति सुपुत्री जसवंत सिंह तथा 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली रेवा सुपुत्री रणजीत सिंह को माइक्रोवेव ओवन देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त दसवीं एवं बारहवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 50 से अधिक विद्यार्थियों को ट्रॉली बैग एवं स्कूल बैग उपहार स्वरूप दिए गए। कार्यक्रम के दौरान थाना अधिकारी देवेंद्र शर्मा ने विद्यार्थियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हुए नारी गरिमा पर सरल एवं प्रेरणादायक विचार व्यक्त किए। अन्य अतिथियों ने भी अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को संस्कार एवं मेहनत के माध्यम से सफलता प्राप्त करने के संदेश दिए। अंत में स्कूल निदेशक सुनील मित्तल ने सभी मेधावी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### गर्मी का सितम जारी दोपहर होते ही पसरने लगा सन्नाटा



**चमकता राजस्थान/ सुनील कुमार ब्यूरो हमीरपुर/सुमेरपुर।** तापमान 44 डिग्री पार करने पर दोपहर होते ही हाईवे सहित प्रमुख मार्ग सन्नाटे में डूब जाते हैं। पशु पक्षी गर्मी से बेहाल होकर दोपहर होते ही छांव तलाशने लगते हैं। गर्मी से लोगों का बुरा हाल होने लगा है। तापमान के 44 डिग्री पार कर जाने से गर्मी एवं लू से लोगों का बुरा हाल हो गया है। दोपहर होते ही हाईवे सहित सभी प्रमुख मार्गो में सन्नाटा पसर जाता है। इक्का दुक्का वाहन ही गुजरते नजर आते हैं। गर्मी से पशु पक्षी बेहाल होने लगे हैं। सभी दोपहर होते ही छांव तलाशने लगते हैं। दोपहर में भारी वाहन चालक पेड़ों की छांव में खड़े होकर वाहनों को ठंडा होने का इंतजार करते हुए जगह-जगह दिख जाते हैं। बाजारों में सहालग का दौर होने के उपरांत दोपहर में सन्नाटा छाने लगता है।बच्चे, बूढ़े गर्मी के चलते उल्टी दस्त का शिकार होकर अस्पताल में भर्ती हो रहे हैं।

### दिल्ली निवासी सरनाम जी सबलाने वाले द्वारा कामा गुरुद्वारा साहिब में लंगर सेवा का आयोजन



**चमकता राजस्थान/ मनोज खत्री जिला ब्यूरो चीफ डीग। कामा।** मानव सेवा और भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए वर्तमान में दिल्ली निवास कर रहे सरनाम जी सबलाने वाले की ओर से आज कामा गुरुद्वारा साहिब में श्रद्धालुओं के लिए लंगर सेवा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संगत ने गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर गुरु का आशीर्वाद लिया और लंगर प्रसाद ग्रहण किया।

लंगर सेवा के दौरान सभी वर्गों के लोगों ने एक साथ बैठकर भोजन किया, जिससे समानता और एकता का संदेश प्रसारित हुआ। आयोजन में स्थानीय लोगों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु पहुंचे और सेवा कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।सरनाम जी ने बताया कि इस प्रकार की सेवा से समाज में आपसी प्रेम और सद्भावना को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों को जारी रखने की बात कही।गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी ने इस पुनीत कार्य के लिए सरनाम जी का आभार व्यक्त किया और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक पहल बताया।

### मनियां पार्वती नदी एनीकट पर बड़ा हादसा, नहाते समय 3 बच्चों की दर्दनाक मौत



**चमकता राजस्थान/अनिल शेखर/धौलपुर।** जिले के मनियां थाना क्षेत्र में स्थित पार्वती नदी के एनीकट पर रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार मनियां-विनतीपुरा मार्ग के गड़ाईच गांव के करीब आधा दर्जन बच्चे नहाने के लिए नदी में उतरे थे, तभी गहराई अधिक होने के कारण वे डूबने लगे।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। प्रयासों के दौरान तीन बच्चों को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। अन्य बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

घटना के बाद गांव में शोक की लहर फैल गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रशासन की ओर से मृतक बच्चों के परिजनों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि नदी-नालों और एनीकट जैसे स्थानों पर नहाने के दौरान विशेष सावधानी बरतें, विशेषकर बच्चों को अकेले ऐसे स्थानों पर जाने से रोका जाए। यह हादसा क्षेत्र में गहरा दुख छोड़ गया है और सभी को सतर्क रहने की सीख देता है।

### गौ शाला में गाय को हरा चारा ओर दलिया खिला कर गौ सेवा की



**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** 26 अप्रैल को नारी जन जागृति संस्थान ओर मारवाड़ी महिला शाखा ब्यावर के संयुक्त तत्वाधान द्वारा गौ सेवा - एक पावन संकल्प के अंतर्गत मसूदा रोड स्थित गौ शाला में गाय को चारा ओर दलिया खिला कर गायों की सेवा की गई।

अध्यक्ष ममता गुप्ता ने बताया कि 'गौ सेवा' के लिए शास्त्रों में कहा गया है कि गाय के भीतर समस्त देवी-देवताओं का वास होता है। हमारी संस्कृति में 'माँ' के बाद अगर किसी का स्थान है, तो वह 'गौ माता' का है। आज समाज में कई ऐसी गौ माताएं हैं जिन्हें हमारे स्नेह और सहारे की आवश्यकता है। संस्थान सचिव सावित्री देवड़ा ने बताया गौ सेवा, ही सच्ची ईश सेवा है। प्रत्येक सनातनी को गायों की सेवा जरूर करनी चाहिए। मीडिया प्रभारी मोनिका राजावत ने बताया कि संस्थान से सुशीला कुमावत, आशा मूंदड़ा, उर्मिला जलवाल, प्रिया कुमावत, तरुणा दगदी,कुसुम कुमावत, दिया कुमावत ,सहित संस्थान सदस्य मौजूद रहे

## गर्मी में देवरी के ग्रामीण बेहाल — बिजली सुधार के नाम पर "ऊंट के मुंह में जीरा"!

# देवरी की बिजली बनी "नौ दिन चले अढ़ाई कोस" — रोज सुधार, फिर भी 24 घंटे में गुल!

चमकता राजस्थान

**धरम सिंह ठाकुर, डिंडोरी।** डिंडोरी जिले के विकासखंड अमरपुर अंतर्गत ग्राम देवरी में बिजली व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है। हालात ऐसे हैं कि बिजली विभाग की टीम लगभग हर दिन गांव पहुंचती है, लाइट सुधारने का दावा करती है और चली जाती है, लेकिन "ढाक के तीन पात" वाली स्थिति बनी रहती है–24 घंटे के भीतर ही फिर बिजली गुल हो जाती है।गर्मी के इस भीषण मौसम में ग्रामीणों को पानी की भारी समस्या झेलनी पड़ रही है। बिजली न होने से मोटर नहीं चल पाती, जिससे पेयजल संकट और गहरा जाता है। इतना ही नहीं, गांव में



शादी-ब्याह जैसे मांगलिक कार्यों के दौरान भी अंधेरा पसरा रहता है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि आखिर कैसी मरम्मत की जाती है, जो हर रोज़ फिर खराब हो जाती है? ऐसा लगता है मानो सिर्फ खानापूर्ति की जा रही हो। "नौ दिन चले अढ़ाई कोस" जैसी कार्यशैली से जनता परेशान हो चुकी है।ग्रामवासियों ने मांग की है कि बिजली विभाग सिर्फ दिखावे की मरम्मत न करे, बल्कि स्थायी समाधान निकाले, ताकि बार-बार बिजली बाधित न हो और लोगों को राहत मिल सके। आखिर कब तक गांव वाले अंधेरे में जीवन बिताते रहेंगे? अब देखना यह होगा कि बिजली विभाग इस समस्या को गंभीरता से लेकर ठोस कदम उठाता है या फिर ग्रामीणों को यूं ही रोज़ अंधेरे का सामना करना पड़ेगा।

### नशा मुक्त समाज की ओर एनआर असवाल चैरिटेबल संस्था बीकानेर की नई पहल:

- आईजी ओमप्रकाश ने किया 'मिशन रोशनी' के पोस्टर का विमोचन




**चमकता राजस्थान/बीकानेर।** बीकानेर संभाग को नशा मुक्त बनाने और युवाओं को नशे के दलदल से बाहर निकाल कर समाज की मुख्यधारा में वापस लाने के उद्देश्य से संचालित 'मिशन रोशनी' अभियान के पोस्टर का विधिवत विमोचन किया गया। पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) बीकानेर रेंज, ओम प्रकाश (आईपीएस) ने अपने कार्यालय में इस पोस्टर को जारी करते हुए अभियान की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर आईजी ओम प्रकाश ने कहा कि नशा न केवल स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि यह अपराधों की जड़ भी है। 'मिशन रोशनी' जैसी सामाजिक पहल पुलिस और समाज के बीच एक सेतु का कार्य करेगी, जिससे पीड़ितों को सही परामर्श और उपचार मिल सके। उन्होंने विश्वास जताया कि डॉ सिद्धार्थ असवाल के अभिनव प्रयास एवं जन-जागरूकता के माध्यम से इस अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।

### संगठन बनाओ-लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत सभा आयोजित



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुनील शर्मा ने बताया की जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन बनाओ-लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत इंदिरा गांधी भवन के सभागार में एक विशाल सभा आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी रोहित बोहरा, जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील शर्मा, पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, विधायक अमीन कागज़ी, सह-प्रभारी रघुवीर सिंह ,पार्टी प्रत्याशी आर.आर. तिवाड़ी, श्रीमती अर्चना शर्मा , पुष्पेंद्र भारद्वाज सहित सैकड़ों कांग्रेसजनों ने भाग लिया। सभा को संबोधित करते हुए जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि भारत का स्वर्णिम भविष्य कांग्रेस की विचारधारा के साथ जुड़ा है। अगर कांग्रेस मजबूत होती है, तो देश मजबूत होता है। भाजपा केवल अपनी हार के डर से चुनावों को टाल रही है, क्योंकि वह जनादेश खो चुकी है। जयपुर शहर जिला कांग्रेस के सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधायक एवं प्रभारी रोहित बोहरा ने कहा कि जनता भाजपा से थक चुकी है। आज जरूरत इस बात की है कि कांग्रेस योजनाबद्ध तरीके से सड़क पर उतरे। सभा को संबोधित करते हुए विधायक अमीन कागज़ी ने कहा कि जयपुर में कांग्रेस मजबूती से उभर रही है और वह दिन दूर नहीं है, जब जयपुर में कांग्रेस अपना परचम लहराएगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि कांग्रेस का कार्यकर्ता किसी से डरने वाला नहीं है, भले ही वह ईडी भेज दे या पुलिस। पूरा राज्य देख रहा है कि स्वयं मुख्यमंत्री और उनका परिवार किस प्रकार भ्रष्टाचार में संलिप्त है।

### रायसिंहनगरः हाईकोर्ट के आदेश से बिश्नोई मंदिर विवाद समाप्त, बबलू कालीराणा ने संभाला कार्यभार



**चमकता राजस्थान/रायसिंहनगर (संजय बिश्नोई)।** शहर स्थित श्री बिश्नोई मंदिर में पिछले करीब छह माह से चला आ रहा विवाद आखिरकार समाप्त हो गया है। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद मंदिर को रिसीवर मुक्त कर दिया गया और निर्वाचित अध्यक्ष बबलू कालीराणा को विधिवत रूप से कार्यभार सौंप दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 18 नवंबर 2025 को उपखंड अधिकारी द्वारा मंदिर को रिसीवर के अधीन लिया गया था। इसके बाद 25 फरवरी 2026 को अपर जिला न्यायाधीश ने इस आदेश को निरस्त कर दिया, लेकिन 28 फरवरी को पुनः रिसीवर नियुक्त कर दिया गया। इस निर्णय के खिलाफ अध्यक्ष बबलू कालीराणा ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायालय ने रिसीवर आदेश पर रोक लगाते हुए मंदिर का चार्ज वापस सौंपने के निर्देश दिए। आदेश के पालन में तहसीलदार स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और विधिवत प्रक्रिया पूरी करते हुए मंदिर का कार्यालय, रिकॉर्ड एवं सम्पत्ति अध्यक्ष बबलू कालीराणा एवं संबंधित पदाधिकारियों को सौंप दी गई।

इस दौरान मंदिर समिति के सदस्य एवं समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यभार ग्रहण करने के बाद अध्यक्ष व समिति ने मंदिर के विकास कार्यों को प्राथमिकता देने का भरोसा दिलाया।

उल्लेखनीय है कि 26 अक्टूबर 2025 को हुए चुनाव के बाद अध्यक्ष पद को लेकर दो पक्षों द्वारा अलग-अलग दावे किए जाने से विवाद उत्पन्न हुआ था। स्थिति को देखते हुए प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़ा और मंदिर को रिसीवर के अधीन करना पड़ा। अब न्यायालय के आदेश के बाद विवाद पूरी तरह शांत हो गया है और बिश्नोई समाज में खुशी का माहौल है।

### मुकेश शर्मा के विवाह की रजत जयंती के अवसर पर हुआ आयोजन



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** शादी की 25वीं सालगिरह जिसे रजतजयंती, सिल्वर जुबली कहते हैं एक चौथाई सदी के प्यार विश्वास और समर्पण का प्रतीक है, यह मिल का पत्थर अटूट रिश्ते का जश्न है, जिसे हम अपनों के साथ भव्य समारोह में आयोजित करते हैं

मुकेश इंटरप्राइजेज के प्रबंधक मुकेश शर्मा ने अपने 25वी वैवाहिक वर्षगांठ समारोह रजत जयंती का भव्य आयोजन गोवर्धन गार्डन में किया

इस आयोजन में शहर के प्रमुख ,वरिष्ठ पत्रकार ,साहित्यकार , जनप्रतिनिधि, पूर्व पार्षद, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारी, परिवारजन, मित्र गण सहित सैकड़ो की तादाद में गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत कर मुकेश इंटरप्राइजेज के प्रबंधक मुकेश एवं समाचार चर्चा की प्रबंधक वर्षा शर्मा को वैवाहिक की 25वी रजत जयंती अवसर पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया

अपने शुभकामना संदेश में थॉट्स ऑफ़ इंडिया समूह के अध्यक्ष हिंदी प्रचार प्रसार संस्थान जयपुर राजस्थान के कुल सचिव अविनाश शर्मा ने कहा कि खिलते रहो एक दूजे की आंखों में, महकते रहो एक दूजे के दिल में,बढ़ते रहो सफलताओं के साथ में, प्यार में, तकरार में,जीत में, हार में, प्यार यूं ही बढ़ता रहे आपको खुशियां मिले अपार, विवाह की रजत जयंती पर बहुत-बहुत बधाई

फिल्म मेकर ,प्रोड्यूसर, सांस्कृतिक चेतना की प्रतिनिधि मिताली सोनी ने कहा कि आसमान में जितने तारे ,सागर में जितना पानी, उतना प्यार है हमारे राजा मुकेश शर्मा एवं रानी भाभी वर्षा जी को शादी की सालगिरह की शुभकामनाएं

# चिकित्सा जगत के आधुनिक नवाचारों पर सहारनपुर में मंथनः लीवर प्रत्यारोपण और रोबोटिक सर्जरी बने गोष्ठी का मुख्य केंद्र

चमकता राजस्थान

**अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** आई.एम.ए. (इंडियन मेडिकल एसोसिएशन) की मासिक वैज्ञानिक गोष्ठी का भव्य आयोजन जी.पी.ओ. रोड स्थित एक प्रतिष्ठित होटल के सभागार में किया गया। इस गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य चिकित्सा क्षेत्र में हो रहे नित नए शोधों, आधुनिक उपचार पद्धतियों और अस्पताल प्रबंधन की सुरक्षा व्यवस्थाओं से स्थानीय चिकित्सकों को अवगत कराना था। कार्यक्रम




में मुख्य वक्ता के रूप में आए मैक्स सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली (गाजियाबाद) के विशेषज्ञों ने जटिल रोगों के प्रबंधन पर बहुमूल्य जानकारी साझा की। वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. राजेश डे ने 'लीवर फेलियर' की गंभीर स्थिति पर चर्चा करते हुए कहा कि बदलती जीवनशैली के कारण लीवर की बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब लीवर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो जाता है, तो दवाइयां केवल सहायक हो सकती हैं, स्थायी समाधान नहीं। ऐसी स्थिति में लीवर ट्रांसप्लांटेशन (यकृत प्रत्यारोपण) ही एकमात्र प्रभावी और जीवन रक्षक उपचार पद्धति है। इसी क्रम में डॉ. ख्याति भाटिया ने ईएनटी (नाक, कान, गला) और गले के कैंसर के उपचार में आई क्रांतिकारी प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अब कार्बन डाईऑक्साइड (CO) लेजर और ट्रांसरोबोटिक तकनीक के माध्यम से गले के भीतर की जटिल सर्जरी बिना किसी बड़े चीरे के संभव है। इन आधुनिक तकनीकों का सबसे बड़ा लाभ यह है कि सर्जरी के दौरान रक्तस्राव न्यूनतम होता है, संक्रमण का खतरा कम रहता है और मरीज को अस्पताल से बहुत जल्दी छुट्टी मिल जाती है।

चिकित्सा चर्चा के उपरांत, आई.एम.ए. के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण शर्मा ने एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक मुद्दे पर सभी चिकित्सकों का ध्यान आकर्षित किया।

# किडनी-लिवर के लिए फायदेमंद है किशमिश का पानी

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक किशमिश ही नहीं, किशमिश का पानी भी आपकी सेहत के लिए वरदान साबित हो सकता है। अगर आप हर रोज किशमिश का पानी पीते हैं, तो आपके पूरे शरीर पर ढेर सारे पॉजिटिव असर पड़ सकते हैं। सेहत से जुड़ी कई समस्याओं का शिकार बनने से बचने के लिए भी आप औषधीय गुणों से भरपूर इस ड्रिंक को पीना शुरू कर सकते हैं।

### किडनी-लिवर के लिए फायदेमंद

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि किशमिश का पानी आपकी किडनी के फंक्शन को सुधारने में मदद करता है। इसके अलावा इस ड्राई फ्रूट का पानी लिवर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में भी कारगर साबित हो सकता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक बॉडी को डिटॉक्स करने के लिए ये एक अच्छा ऑप्शन साबित हो सकता है।

### मजबूत बनाए दिल की सेहत



अगर आप हाई ब्लड प्रेशर की समस्या पर काबू पाना चाहते हैं, तो किशमिश का पानी पीना शुरू कर दीजिए। किशमिश का पानी पीने से आप अपने दिल की सेहत को मजबूत बनाकर दिल से जुड़ी गंभीर और जानलेवा बीमारियों के खतरे को कम कर सकते हैं। इसके अलावा फाइबर रिच किशमिश का पानी आपकी गट हेल्थ के लिए भी काफी ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है।

### हड्डियों के लिए फायदेमंद

क्या आप जोड़ों के दर्द की समस्या से छुटकारा पाकर अपनी हड्डियों को मजबूत बनाना चाहते हैं? अगर हां, तो आपको किशमिश के पानी को अपने डेली डाइट प्लान में शामिल कर लेना चाहिए। इसके अलावा एनीमिया से बचने के लिए भी किशमिश का पानी पीने की सलाह दी जाती है। बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए सही मात्रा में और सही तरीके से किशमिश का पानी पीना बेहद जरूरी है।

# विटामिन बी12 की अधिकता से हो सकते हैं ये रोग

विटामिन बी12 की कमी की वजह से सेहत पर पड़ने वाले नेगेटिव असर के बारे में ज्यादातर लोग जानते होंगे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस विटामिन की अधिकता की वजह से भी आपकी सेहत पर कुछ साइड इफेक्ट्स पड़ सकते हैं? कुल मिलाकर किसी भी चीज की कमी या फिर अति सेहत पर भारी पड़ सकती है। यही वजह है कि आपको किसी भी पोषक तत्व को संतुलित मात्रा में ही अपने डाइट प्लान में शामिल करना चाहिए।



### सिर में दर्द/चक्कर

अगर आपके शरीर में विटामिन बी12 की ज्यादा मात्रा चली जाए, तो आपको मतली, सिर में दर्द या फिर चक्कर की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। अगर आप इस तरह की समस्याओं से बचना चाहते हैं तो आपको विटामिन बी12 का इंजेक्शन लेने से पहले डॉक्टर से कंसल्ट जरूर करना चाहिए।

### हार्ट हेल्थ पर पड़ सकता है असर

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि विटामिन बी12 की अधिकता आपकी हार्ट हेल्थ पर भारी पड़ सकती है। इस विटामिन की अधिकता की वजह से आपके दिल की धड़कन बढ़ सकती है। इसके अलावा अगर आप किडनी से जुड़ी किसी बीमारी से जूझ रहे हैं, तो आपको विटामिन बी12 सप्लीमेंट लेने से बचना चाहिए।

### त्वचा के लिए हानिकारक

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक विटामिन बी12 की अधिकता, आपके शरीर के साथ-साथ आपकी त्वचा पर भी बुरा असर डाल सकती है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि इस विटामिन की अधिकता की वजह से आपको मुंहासों, खुजली और रैश जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। अगर आपके शरीर में इस विटामिन की अधिकता है, तो आपको अपने डाइट प्लान में विटामिन बी12 से भरपूर खाने-पीने की चीजों को शामिल करने से बचना चाहिए।

# फंगल इंफेक्शन किस विटामिन की कमी से होता है?

क्या आपको भी बार-बार फंगल इंफेक्शन की समस्या से जूझना पड़ता है? अगर हां, तो हो सकता है कि आपके शरीर में किसी जरूरी पोषक तत्व की कमी पैदा हो गई हो। अगर किसी विटामिन की कमी के कारण आपको फंगल इंफेक्शन हो रहा है, तो आपको जल्द से जल्द इस विटामिन डेफिशिएंसी को दूर करने की कोशिश में जुट जाना चाहिए। आइए फंगल इंफेक्शन का कारण बनने वाले इस जरूरी पोषक तत्व के बारे में जानकारी हासिल करते हैं।

### विटामिन डी की कमी

विटामिन डी की कमी न केवल आपकी सेहत को बल्कि आपकी त्वचा को भी बुरी तरह से प्रभावित कर सकती है। अगर आपके शरीर में विटामिन डी की कमी पैदा हो गई है, तो आपको बार-बार फंगल इंफेक्शन हो सकता है। इसके अलावा इस जरूरी पोषक तत्व की कमी कैंडिड संक्रमण के खतरे को भी बढ़ा सकती है।

### विटामिन सी की कमी

विटामिन डी के अलावा विटामिन सी की कमी भी आपकी त्वचा की सेहत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है। विटामिन सी की कमी की वजह से आपके इम्यून सिस्टम पर भी बुरा असर पड़ता है जिसकी वजह से आपके फंगल इंफेक्शन को ठीक होने में भी ज्यादा समय लग सकता है।

### दूर करें डेफिशिएंसी

विटामिन डी और विटामिन सी की कमी को दूर करने के लिए आपको अपने डाइट प्लान में थोड़े-बहुत बदलाव करने की जरूरत है। विटामिन डी की कमी को दूर करने के लिए गाय का दूध, मशरूम, अंडे की जर्दी का सेवन किया जा सकता है। विटामिन सी रिच संतरा, किवी, ब्रोकली, टमाटर और शिमला मिर्च का सेवन कर आप इस विटामिन की कमी को दूर कर सकते हैं। बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए खाने-पीने की इन चीजों को सही मात्रा में और सही तरीके से कंज्यूम करना बेहद जरूरी है।





# सुबह वॉक करने से पहले इन ज़रूरी बातों का रखें खास ध्यान

**सुबह के समय वॉक करने से दिनभर ताजगी का अनुभव होता है। सुबह की वॉक सिर्फ शारीरिक सेहत ही नहीं बल्कि मानसिक सेहत के लिहाज़ से भी बेहद फायदेमंद है। इसलिए अपने आप को फिट और ऊर्जा से भरपूर रखने के लिए लोग सुबह के समय वॉक करना पसंद करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं सुबह की वॉक से पहले आपको इन कुछ ज़रूरी बातों का ख़ास ख्याल रखना चाहिए। अगर आप सुबह वॉक से पहले इन बातों का ध्यान नहीं रखेंगे तो फायदे की जगह आपके स्वास्थ्य को नुकसान हो सकता है।**

### वॉक से पहले पानी ज़रूर पिएं

जब आप उठते हैं तो आपके शरीर में पहले से ही पानी की कमी हो रही होती है। आप 6-8 घंटे तक एक घूंट भी पानी पिए बिना रह चुके होते हैं। इसलिए, बिना पानी पिए टहलने के लिए निकलना खतरनाक हो सकता है। अगर आपके शरीर में पहले से ही तरल पदार्थ की कमी है, तो पसीने की कमी से तेज़ी से डिहाइड्रेशन हो सकता है जिससे मांसपेशियों में ऐंठन, सिरदर्द और थकान हो सकती है। इसलिए सुबह उठते ही एक या दो गिलास पानी पिएँ।

### खाली पेट वॉक करने न जाएँ

कई लोगों को लगता है कि खाली पेट वॉक करने से वजन तेजी से कम होगा। जबकि ऐसा नहीं है, अगर आप भूखे पेट वॉक करने जाते हैं तो चक्कर या सिरदर्द महसूस हो सकता है। कम रक्त शर्करा के कारण कमज़ोरी, मतली या टहलने के दौरान बेहोशी भी महसूस हो सकती है। ऐसे में वॉक से पहले पूरा नाश्ता करने की ज़रूरत नहीं है। लेकिन कुछ हल्का फुल्का खाना ठीक रहेगा। जैसे एक केला, मुट्ठी भर भीगे हुए बादाम, टोस्ट का आधा टुकड़ा या एक छोटी सी फ्रूट स्मूदी।

### वार्म-अप ज़रूर करें

वॉक से पहले एक छोटा सा स्टेच रूटीन आपके हेल्दी और फिट शरीर के लिए बेहद ज़रूरी होता है। इसलिए, भले ही आप सुबह के समय सिर्फ़ 30 मिनट ही वॉक क्यों न चल रहे हों। कम से कम 3-5 मिनट का वार्म-अप ज़रूर करें। वार्म अप में आप एड़ियों को घुमाएँ, हल्के से पैर के अंगूठे को छूएँ, कंधे को हिलाएँ और गर्दन को घुमाएँ।

### वॉक से पहले कैफीन का इस्तेमाल ज़्यादा न करें

वॉक से पहले कई लोग एक गर्म कप चाय या कॉफ़ी पीना पसंद करते हैं। लेकिन वॉक से पहले कैफीन का सेवन करना नुकसानदायक हो सकता है। कुछ लोगों के लिए, खाली पेट कैफीन वॉक के दौरान एसिडिटी या पेट खराब होने का कारण बन सकता है। अगर, आप ऐसे व्यक्ति हैं जो चाय या कॉफ़ी के बिना काम नहीं कर सकते, तो वॉक के बाद इसे पीने की कोशिश करें। इस तरह, पाचन क्रिया सक्रिय रहेगी, आप फिर से हाइड्रेट होंगे।

# शरीर को कमजोर बना सकती है प्रोटीन की कमी

अगर आपके शरीर में किसी भी पोषक तत्व की कमी पैदा हो जाए, तो सेहत से जुड़ी कई समस्याएं आपके शरीर पर हमला बोल सकती हैं। यही वजह है कि हेल्थ एक्सपर्ट्स अक्सर हेल्दी और बैलेंस्ड डाइट प्लान को फॉलो करने की सलाह देते हैं। प्रोटीन शरीर के लिए एक जरूरी तत्व है। आइए इस तत्व की कमी की वजह से शरीर में दिखाई देने वाले कुछ लक्षणों के बारे में जानते हैं।

थकान और कमजोरी

प्रोटीन की वजह से आप एनर्जेटिक महसूस करते हैं। अगर आपको हर समय थकान और कमजोरी महसूस होती रहती है, तो हो सकता है कि आपके शरीर में प्रोटीन की कमी पैदा हो गई हो। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि मसल पेन भी इसी पोषक तत्व की कमी का संकेत साबित हो सकता है।




ज्यादा भूख लगना

प्रोटीन की कमी की वजह से आपको ज्यादा भूख लग सकती है या फिर खाने के बाद भी पेट खाली लग सकता है। अगर आपके शरीर में प्रोटीन की कमी पैदा हो गई है, तो आपके घाव भी धीरे-धीरे भर पाएंगे। प्रोटीन की कमी की वजह से आपको सडन वेट लॉस का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा अगर आपकी इम्यूनिटी कमजोर हो गई है और आप बार-बार बीमार पड़ जाते हैं, तो ये लक्षण भी प्रोटीन की कमी की तरफ इशारा कर सकता है।

गौर करने वाली बात - प्रोटीन की कमी न केवल आपके शरीर पर बल्कि आपकी त्वचा और आपके बालों पर भी नेगेटिव असर डाल सकती है। क्या आपकी त्वचा रूखी, फटी या फिर खुरदुरी हो गई है? अगर हां, तो हो सकता है कि आपके शरीर में प्रोटीन की कमी पैदा हो गई हो। बाल झड़ना या फिर नाखून टूट जाना भी इस पोषक तत्व की कमी का संकेत हो सकता है।

# हाई यूरिक एसिड से जूझ रहे हैं, तो खाली पेट कर लीजिए इन चीजों का सेवन

### जोड़ों के दर्द से मिल जाएगी राहत

क्या आप जानते हैं कि जब आपके शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ जाती है, तो आपको जोड़ों में असहनीय दर्द और सूजन हो सकती है? यूरिक एसिड को कंट्रोल करने के लिए आपको अपने खान-पान पर खास ध्यान देने की जरूरत है। अगर आप खाली पेट सही मात्रा में पोषक तत्वों से भरपूर कुछ चीजों का सेवन करते हैं, तो आपको हाई यूरिक एसिड की समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

### फायदेमंद साबित होगा आंवला

दादी-नानी के जमाने से आंवला को सेहत के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद माना जाता रहा है। यूरिक एसिड के स्तर पर काबू पाने के लिए आप आंवला को अपने डेली डाइट प्लान में शामिल कर लेना चाहिए। हर रोज सुबह खाली पेट एक आंवला खाएं या फिर गुनगुने पानी के साथ आंवला पाउडर को मिक्स कर कंज्यूम कर लें।

### पी सकते हैं नींबू का पानी

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक हाई यूरिक एसिड की समस्या से छुटकारा पाने के लिए आप नींबू पानी का सेवन भी कर सकते हैं। विटामिन सी रिच नींबू पानी यूरिक एसिड को न्यूट्रल करने में कारगर साबित हो सकता है। सुबह-सुबह खाली पेट एक गिलास गुनगुने पानी में हाफ नींबू निचोड़कर पी जाएं और खुद-ब-खुद पॉजिटिव असर महसूस करें। अगर आप चाहें तो औषधीय गुणों से भरपूर इस ड्रिंक में पोषक तत्वों वाले शहद को भी मिक्स कर सकते हैं।

### अलसी के बीज फायदेमंद

क्या आप जानते हैं कि अलसी के बीज में पाए जाने वाले तत्व यूरिक एसिड की समस्या को दूर करने में कारगर साबित हो सकते हैं? एक स्पून अलसी के बीज को रात भर पानी में भिगोएं और फिर अगली सुबह पानी के साथ कंज्यूम कर लें। बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए खाली पेट अलसी के बीज खाएं।



# मैं बेल पर हूं, मुझ पर 36 केस, ममता बनर्जी पर क्यों नहीं? बंगाल में राहुल गांधी ने घेरा





**कोलकाता।**

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार अपने चरम पर है। शनिवार को बंगाल में एक रैली के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ममता बनर्जी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर जमकर हमला बोला। उन्होंने टीएमसी और भाजपा के ऊपर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने उनके ऊपर दर्जनों केस करवा रखे हैं, लेकिन ममता बनर्जी के ऊपर कोई केस नहीं है। पूरा देश जानता है कि टीएमसी भ्रष्टाचार में धंसी हुई है, इसके बाद भी इसके नेताओं के ऊपर कोई जांच नहीं है। राहुल ने कहा की ऐसा इसलिए है क्योंकि भाजपा जानती है कि असली लड़ाई टीएमसी से नहीं है बल्कि कांग्रेस से है। पश्चिम बंगाल चुनाव के मद्देनजर कोलकाता में एक रैली को संबोधित कर रहे राहुल गांधी ने ममता सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने अपना उदाहरण देते हुए कहा कि मैं अभी बेल पर हूं। उन्होंने कहा, आज में यहां आया हूं, मैं बेल पर हूं। नरेंद्र मोदी ने मेरा घर ले लिया। मेरे ऊपर केस कर दिए गए। मेरा सरकारी घर ले लिया गया। मेरी लोकसभा की सदस्यता रद्द कर दी गई। ईडी ने मेरा 55 घंटे इंटेरोगेशन किया। आखिर ममता दीदी के ऊपर कोई केस क्यों नहीं है। ईडी ने ममता बनर्जी का इंटेरोगेशन क्यों नहीं किया। कांग्रेस नेता ने अपने हमले को और भी ज्यादा तीखा करते हुए टीएमसी पर लगे आरोपों की फेहरिस्त खोल दी। उन्होंने कहा, ₹पूरा बंगाल जानता है कि तृणमूल के नेता भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। इन्होंने शारदा चिटफंड घोटाला किया। 17 लाख से ज्यादा निवेशकों के पैसे डुबो दिए। इनका 1900 करोड़ रुपए देनदारी का बकाया है। रोज वैली चिटफंड में लाखों लोगों का पैसा फंसा हुआ है। पूरे राज्य में गुंडा टैक्स लिया जाता है। इसके बाद भी भाजपा और आरएसएस ने कभी ममता बनर्जी के खिलाफ जांच नहीं बैठाई। ऐसा इसलिए क्योंकि भाजपा जानती है कि असली लड़ाई ममता बनर्जी से नहीं बल्कि कांग्रेस से है। राजद से है। प्रियंका गांधी से है।

## ओ... बंगाल पुलिस, वापस जाओ

### जब मंच से गरजे अमित शाह, बजने लगीं तालियां- देखें

**कोलकाता।**

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव चल रहा है। पहले फेज की वोटिंग में बंपर मतदान हुआ। अब 29 अप्रैल को दूसरे और आखिरी चरण की वोटिंग का इंतजार है। इसके बाद द, सभी चुनावी राज्यों में चार मई को नतीजे घोषित होंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कई दिनों से राज्य में डटे हुए हैं और भाजपा की जीत का दावा कर रहे हैं। वे दिन में कई रैलियों और रोड शो को संबोधित करते हैं। इस बीच, उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें वह पश्चिम बंगाल की पुलिस के एक जवान से वापस जाने के लिए कहते हैं। उनसे इतना सुनते ही रैली में आए लोग खूब तेज-तेज तालियां बजाने लगते हैं। सोशल मीडिया पार यह वीडियो वायरल हो गया है। वीडियो अमित शाह की बंगाल रैली का है। इसमें मंच से वे कहते हैं, 'बस रहने दो पुलिस, अरे ओ भाई, इसे वापस खींचो कोई। ओ... बंगाल पुलिस जरा वापस जाओ।' वीडियो देखकर पता चल रहा है कि वह किसी रैली को संबोधित कर रहे थे, जब यह घटनाक्रम हुआ। शाह के इतना कहते ही जनता ने इसे खूब सराहा और जमकर शोर मचाते हुए तालियां बजाईं। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि यदि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पश्चिम बंगाल की सत्ता में आती है, तो महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना, उद्योगों को वापस लाना और राज्य को "घुसपैठियों से मुक्त" बनाना उनकी पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार की पहली प्राथमिकता होगी। हावड़ा में एक रोड शो के दौरान जब शाह से पूछा गया कि यदि भाजपा राज्य में सरकार बनाती है, तो वह सबसे पहले क्या काम करेगी तो उन्होंने 'पीटीआई वीडियो' से कहा, 'सबसे पहले, हम महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे, उद्योगों को वापस लाएंगे और हम बंगाल को घुसपैठियों से मुक्त करेंगे।'



## भारी पड़ी प्रेमिका से आशिकी

# 'दिलरुबा' ने पत्नी और बेटे को उतारा मौत के घाट, बेटी की हालत नाजुक

**दुर्ग।**

दुर्ग-भिलाई के स्मृति नगर चौकी क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। शनिवार, 25 अप्रैल 2026 की सुबह एक महिला ने घर में घुसकर धारदार हथियार से परिवार के तीन लोगों पर हमला कर दिया। इस हमले में मां और बेटे की मौत हो गई, जबकि एक बेटी गंभीर रूप से घायल है। घायल बेटी का इलाज एक निजी अस्पताल में जारी है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने हमला करने वाली महिला को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ कर रही है। एसटीएफ जवान ललितेश यादव के परिवार पर यह हमला हुआ। ललितेश यादव वर्तमान में बीजापुर में पदस्थ हैं और घटना के समय वह रेलवे स्टेशन गए हुए थे। हमला करने वाली महिला ललितेश की प्रेमिका सरोजनी भारद्वाज बताई जा रही है। सरोजनी दुर्ग में ही रहती थी। ललितेश के घर से बाहर जाते ही उसने उसकी पत्नी और बच्चों पर कई बार वार किए। एसटीएफ जवान ललितेश और आरोपी महिला की जान पहचान सोशल मीडिया के माध्यम से हुई थी। दोनों ने शादी भी कर ली थी। आरक्षक ने ही महिला को दुर्ग में घर लेकर रखवाया था। शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026 को आरक्षक ने पूर्व प्रेमिका को समझाकर वापस घर भेजा था। लेकिन शनिवार 25 अप्रैल 2026 की सुबह वह फिर घर पहुंच गई। आरोपी महिला मूलतः जांजगीर की रहने वाली है और दुर्ग में किराए के मकान में रह रही थी।



## अखिलेश यादव का 2027 के लिए नया दांव, किसानों से कर दिया '24 घंटे वाला' बड़ा वादा

**लखनऊ।**

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने वर्ष 2027 के चुनाव के लिए अभी से घोषणाएं कर शुरू कर दी है। शनिवार को सपा प्रमुख पार्टी मुख्यालय से ही वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से गाजियाबाद में आयोजित विजन इंडिया कार्यक्रम में किसान संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। इसके बाद पत्रकार वार्ता में घोषणा करते हुए कहा कि सपा की सरकार बनने पर गन्ना किसानों को 24 घंटे में भुगतान की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए 15 हजार करोड़ रुपये का किसान रिवाल्विंग फंड बनाएंगे। किसान की पर्ची कटते ही उसके खाते में पैसा आ जाएगा। 23 फसलों के साथ दूध को भी शामिल कर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देंगे। जो किसान लोन लेते हैं, उनके लिए एग्रीकल्चर डेब्ट रिलीफ एक्ट बनाकर रास्ता निकालेंगे कि कैसे लोन माफ हो? सपा प्रमुख ने कहा कि अमेरिका से डील के बाद बड़े पैमाने पर कृषि उत्पाद भारत आ रहे हैं, इससे देश का किसान संकट में चला जाएगा। भाजपा स्मार्ट मीटर लगाकर जनता को लूट रही है। हम एक्सप्रेस-वे के साथ मंडियां बना रहे थे। लखनऊ में किसान बाजार और किसान होटल बनाया था, जिसे भाजपा ने बेच दिया। सपा सरकार में हमने सोलर गांव बनाया था। उस गांव में हर कार्य के लिए बिजली फ्री थी, भविष्य में हमारी सरकार इसी तरह के गांव बनाएगी। जब स्मार्ट शहर बन सकते हैं तो स्मार्ट गांव क्यों नहीं। हम गांवों को स्मार्ट बनाएंगे। उन्होंने कहा कि जल्द बुरे दिन जाने वाले हैं। जब खेत मुस्कुराएगा तो देश मुस्कुराएगा।



## ईरान-अमेरिका शांति वार्ता

# इस्लामाबाद से लौटा ईरानी प्रतिनिधिमंडल, ट्रंप बोले- 'मुझे फोन करो'





**इस्लामाबाद।**

अमेरिकी दूत शनिवार को ईरान के साथ शांति वार्ता का एक नया दौर शुरू करने के लिए रविवार को इस्लामाबाद पहुंचने वाले थे, मगर उससे पहले ही ईरानी प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान से लौट गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर को इस्लामाबाद ईरान से वार्ता के लिए भेजा था। अब ट्रंप कह रहे हैं कि उन्होंने अपने दूतों को जाने से पहले ही रोक लिया। ईरानी प्रतिनिधिमंडल में शामिल विदेश मंत्री अब्बास अराघची, उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी, राजदूत रजा अमीरी मोघदम और विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाकई शुक्रवार देर रात इस्लामाबाद पहुंचे थे और शनिवार रात लौट गए। हालांकि, अब भी वार्ता की एक उम्मीद बाकी है। वो उम्मीद जानने से पहले ये जान लीजिए कि आज पाकिस्तान में क्या-क्या हुआ...

अब्बास अराघची ने अपनी टीम के साथ आज पाकिस्तान के सेना प्रमुख और मध्यस्थता प्रयासों में अहम भूमिका निभाने वाले फील्ड मार्शल असीम मुनीर से मुलाकात की. तेहरान दूतावास द्वारा जारी एक संक्षिप्त वीडियो में दोनों साथ दिखाई दिए.हालांकि बातचीत का ब्यौरा जारी नहीं किया. माना जा रहा है कि ईरान ने अपनी शर्तें असीम मुनीर को बता दी हैं. ईरान के विदेश मंत्री की आगमन के बाद यह पहली कार्य बैठक थी. उनके उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार से भी मुलाकात की उम्मीद है. पाकिस्तान की ओर से गृह मंत्री मोहसिन नकवी और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। अब अमेरिका-ईरान की सीधी वार्ता की सभी संभावनाएं इस बात पर निर्भर करती हैं कि क्या पाकिस्तान ईरान के विदेश मंत्री को मना पाया है? ईरान के प्रतिनिधिमंडल को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शरीफ और मुनीर ने मनाने की पूरी कोशिश की, लेकिन शायद बात नहीं पाई. ईरान के विदेश मंत्री अराघची आज रात इस्लामाबाद से मॉस्को के लिए रवाना हो गए।

# यात्री ट्रेनों की लेटलतीफी के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान शुरू, रेल अधिकारियों को करना पड़ेगा उग्र आंदोलन का सामना

## रेलवे के अफसरों की हठधर्मिता चिंताजनक, बदलनी पड़ेगी आंदोलन की दिशा : सरयू राय

**जमशेदपुर / तनवीर सूरी।**

भीषण गर्मी में ट्रेनों की लेटलतीफी के विरुद्ध टाटानगर स्टेशन परिसर में रविवार को रेल यात्री संघर्ष समिति के तत्वावधान में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। तपती धूप में हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने खुद हस्ताक्षर करके की। इसके बाद रेल यात्रियों ने ''इट बोर्ड पर हस्ताक्षर किये। लोगों ने स्वतः स्फूर्त भाव से हस्ताक्षर किये और कई लोगों ने तो उसी वक्त सोशल मीडिया पर वीडियो भी पोस्ट कर दिया। हस्ताक्षर अभियान के तहत सुबह 10 बजे से ही लोगों में सुगबुगाहट देखी गई। जो यात्री प्लेटफार्म से बाहर निकले, वो हस्ताक्षर करने से चूके नहीं। सभी को विभिन्न सोशल मीडिया साइट्स से यह जानकारी हो गई थी कि यात्री ट्रेनों की लेटलतीफी के खिलाफ टाटानगर स्टेशन परिसर में हस्ताक्षर अभियान चल रहा है। कई लोगों ने वहां मौजूद मीडिया को अपना बयान देते हुए संघर्ष समिति के कार्य की सराहना की। ट्रेनों की लेटलतीफी के शिकार यात्रियों से फार्म भरवाने का काम दो स्थानों पर चला। पहला स्थान था टाटा नगर जंक्शन के ठीक सामने, प्लेटफार्म नंबर एक पर जाने के रास्ते में। दूसरा स्थान था, टाटानगर जंक्शन के ठीक बाएं, जहां टिकट बुकिंग कार्यालय है। इन दोनों स्थानों पर लोगों ने स्वेच्छा से फार्म भरे। कई लोग तो क्यूआर कोड स्कैन करके डिजिटली अपना समर्थन दे रहे थे। इस मौके पर विधायक सरयू राय ने कहा कि रेलवे अधिकारियों की हठधर्मिता चिंताजनक है। रेलवे के अफसर यात्रियों के साथ सहानुभूति से पेश आएं। उन्होंने भाजपा से आ''ान किया कि इस आंदोलन में साथ दे। यह आंदोलन जनता से जुड़ा है। रेलवे के अफसरों की हठधर्मिता दूर नहीं हुई तो आंदोलन की दिशा बदलनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि बीते 7 अप्रैल को इसी स्थान पर धरना दिया गया था। जब हम लोगों ने धरना की घोषणा की तो




चक्रधरपुर रेल मंडल के डीआरएम से लेकर जितने भी अधिकारी थे, वो नहीं चाहते थे कि धरना हो। उन्होंने कई प्रयास किये लेकिन धरना नहीं टला। इसे उन लोगों ने निजी तौर पर अपने ऊपर ले लिया। जब हस्ताक्षर अभियान चलाने की घोषणा हुई तो समिति के संयोजक और अन्य साथी रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी से मिलने गए और उन्हें सूचित किया कि हम लोग प्लेटफार्म के बाहर बैठेंगे, हस्ताक्षर अभियान चलाएंगे। लेकिन उक्त जिम्मेदार अफसर का रवैया बेहद नकारात्मक था। उन्होंने सही तरीके से बात नहीं की। हर बात पर वह ना-नुकुर करते रहे। रेलवे को पता होना चाहिए कि हम लोग यहां अनुशासित तरीके से बैठे हैं। यह हमारा निर्णय है। अगर हम तय कर लेंगे कि हस्ताक्षर अभियान प्लेटफार्म पर चलाना है तो कोई रोक नहीं सकेगा। इसलिए रेलवे के अधिकारी कोई गुमान न पालें। आंदोलन का अगला दौर आपके लिए बेहद तकलीफदेह होगा। हमें रेलवे की फोर्स रोक नहीं पाएगी। रेलवे अधिकारी का यह कहना कि उनके पास कोई जादू की छड़ी नहीं कि एक दिन में ट्रेन को सही समय पर चला देंगे, ऐसे अधिकारी के बारे में किस संज्ञा और विशेषण का इस्तेमाल किया जाए? श्री राय ने सवाल किया कि चक्रधरपुर डिवीजन में ही यात्री ट्रेनें क्यों लेट से चल रही हैं? इन्हें लेट चलाने और मालगाड़ी को आगे बढ़ाने के पीछे क्या स्वार्थ है रेलवे का? क्या आप रेल मंत्री को बताना चाहते हैं कि सबसे ज्यादा मालढुलाई कर हम लोग सबसे ज्यादा पैसे कमा रहे हैं? अगर आप प्रमोशन पाकर आगे बढ़ना चाहते हैं, यही आपका अगर ध्येय है तो यह चकनाचूर हो जाएगा। हम लोग आपका रवैया और आपकी कार्यशैली रेलवे बोर्ड और रेल मंत्रालय तक पहुंचाएंगे। बताएंगे कि रेलवे में कैसे अफसरों को बहाल किया गया है जो जनता के प्रति कैसी सोच रखते हैं, कैसी दुर्भावना रखते हैं। श्री राय ने कहा कि आप (रेलवे) कहते हैं कि हमारे पास जादू की छड़ी नहीं है कि एक दिन में ट्रेनों को राइट टाइम कर दें। आप ये बताइए कि आपके पास कौन सी जादू की छड़ी है, जिससे आप यात्री ट्रेनों को रोक कर मालगाड़ी को आगे बढ़ा रहे हैं? प्लेटफार्म पर ट्रेनों के आवागमन के टाइम को भी आप मेंटेन नहीं कर पा रहे हैं। हमने पूछा था कि इस इलाके से कितनी मालगाड़ियां आती-जाती हैं, आपने आज तक जवाब नहीं दिया। मालगाड़ियों को चलाने के लिए रेलवे खुला खेल फर्रुखाबादी स्टाइल में खेल रहा है। ट्रेनों को कभी चांडिल, मुसाबनी, कांड्रा, राखा माइंस जहां चाहते हैं आप रोक देते हैं। यह यात्रियों के साथ प्रताड़ना है। मानवाधिकार हनन का मुद्दा है। इस मुद्दे पर उच्च न्यायालय भी जाया जा सकता है। आपके खिलाफ रिट फाइल हो सकती है। हम लोग सलाहियत से समस्या का समाधान चाह रहे हैं लेकिन लगता है कि हमारी सलाहियत को रेलवे ने कमजोरी समझ ली है। सरयू राय ने कहा कि हम लोग आने वाले दिनों में आदित्यपुर, गम्हरिया, घाटशिला आदि इलाकों में हस्ताक्षर अभियान चलाएंगे। ये भी संभव है कि टाटानगर से लेकर चांडिल तक या उससे भी आगे हम लोग रेल पटरियों पर भी बैठ जाएं। तब समझिएगा कि आंदोलन की उग्रता क्या होती है। समिति की एक ही मांग हैं-टाटानगर रेलवे स्टेशन से ट्रेनें समय पर खुलें, समय पर पहुंचे। श्री राय ने कहा कि आज राजधानी भी लेट है। जनशताब्दी की इन लोगों ने हालत खराब कर दी है। क्या इन्हें चलाने के लिए आपको जादू की छड़ी चाहिए? दरअसल ये आपकी कर्तव्यहीनता है। आप लोग अपना

## न्यूज अपडेट

### भुरकुंडा कोयलांचल में मानवता की मिसाल: भीषण गर्मी में पुलिस ने निभाया इंसानियत का फर्ज

**कुजू रामगढ़/ संवाददाता।** भुरकुंडा कोयलांचल क्षेत्र में इन दिनों भीषण गर्मी ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। लोग खुद को बचाने के लिए तरह-तरह के ठंडे पेय पदार्थों का सेवन कर रहे हैं और कूलर व पंखों की हवा में राहत तलाश रहे हैं। ऐसे ही हालात के बीच एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई।

सड़क किनारे एक व्यक्ति नग्न अवस्था में पड़ा हुआ मिला, जिसे देखकर वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। व्यक्ति की दयनीय स्थिति को देखते हुए कॉफी प्रभारी अख्तर अली ने तुरंत मानवता का परिचय दिया। उन्होंने बिना देर किए बाजार से कपड़े मंगवाए, उस व्यक्ति को स्नान कराया और उसे नए कपड़े पहनाए। इसके बाद उसे भरपेट भोजन भी कराया।

बातचीत के दौरान उस व्यक्ति ने अपना नाम तुलसीराम, पिता बीगंती मांडरिक, ग्राम शिवनगर, थाना पोड़ैयाहाट, जिला दुमका बताया। हालांकि, उसके पास किसी भी प्रकार का पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं मिला।

स्थिति को देखते हुए पुलिस ने उचित कदम उठाते हुए उसे ओल्ड एज होम आश्रम भेज दिया, ताकि उसकी देखभाल हो सके।

जैसे ही इस घटना की जानकारी स्थानीय लोगों को मिली, सभी ने एक स्वर में पुलिस के इस मानवीय कार्य की सराहना की। लोगों के बीच यह संदेश गया कि पुलिस के अंदर भी संवेदनशीलता और मानवता जीवित है, जिससे समाज में विश्वास और मजबूत हुआ है।

### सहायता शिविर में जेपीएससी शिक्षक परीक्षा के 2000 अभ्यर्थियों को मिली राहत



**जमशेदपुर/संवाददाता।** हयूमन वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा जेपीएससी शिक्षक परीक्षा में शामिल होने आए अभ्यर्थियों के लिए शहर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर एक सराहनीय सहायता शिविर लगाया गया। इस पहल का उद्देश्य दूर-दराज से पहुंचे परीक्षार्थियों को भीषण गर्मी के बीच राहत और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना था। यह शिविर करीम सिटी कॉलेज, विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल और कबीर मेमोरियल उर्दू हाई स्कूल जैसे प्रमुख परीक्षा केंद्रों पर लगाया गया, जहां करीब 2000 छात्रों ने इसका लाभ उठाया। परीक्षा के दौरान बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए शिविर में शरबत, चना-गुड़, केला और मिनरल वाटर की व्यवस्था की गई, जिससे परीक्षार्थियों को ऊर्जा और राहत मिल सके। इस सेवा कार्य को सफल बनाने में सैयद अशफाक, आफताब आलम खान और गोविंद विद्यालय के सचिव अभिषेक शर्मा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान कई सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षाविद भी मौजूद रहे, जिन्होंने खुद अपने हाथों से परीक्षार्थियों की सेवा की। इनमें ट्रस्ट के अध्यक्ष मतिनुल हक अंसारी, सचिव मुख्तार आलम खान, डॉक्टर मोहम्मद रियाज, शाहिद शाहिद परवेज, सोहेल अख्तर अंसारी, प्रो. फिरोज खान, सैयद साजिद परवेज, प्रो. अलाय अली, एसआई अबरार आलम, बी. एन. त्रिपाठी, डॉ. आफताब, फखरुद्दीन अहमद, प्रो. गोहर अजीज, डॉ. उधम सिंह, डॉ. शाहबाज अंसारी, रिजवानुज जमा, डॉ. ताहिर हुसैन और मोहम्मद मोइनुद्दीन अंसारी प्रमुख रूप से शामिल रहे।इस पहल ने न केवल परीक्षार्थियों को राहत पहुंचाई, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी मजबूत किया। कठिन परिस्थितियों में इस तरह का सहयोग युवाओं के लिए एक सकारात्मक संदेश देता है और यह दिखाता है कि सामाजिक संगठन किस तरह शिक्षा और युवाओं के भविष्य के लिए अहम भूमिका निभा सकते हैं।

### 93 परीक्षा केंद्रों में 19962 परीक्षार्थी हुए शामिल, डीसी-एसएसपी ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

## पूर्वी सिंहभूम जिला में झारखंड पात्रता परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न

**जमशेदपुर / तनवीर सूरी।**

झारखंड लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित झारखंड पात्रता परीक्षा आज जिले के 93 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कुल 39265 परीक्षार्थियों में से परीक्षा में 19962 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। परीक्षा के दौरान जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त राजीव रंजन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय द्वारा दयानन्द पब्लिक स्कूल, राजेंद्र विद्यालय, मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल व



अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने केंद्रों पर विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षार्थियों के प्रवेश, बैठने की व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की स्थिति का अवलोकन किया तथा प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा का संचालन पूर्णतः पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से सुनिश्चित किया गया। सभी केंद्रों पर आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन कराया गया तथा कदाचार पर पूर्ण रोक सुनिश्चित की गई। उन्होंने सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं केंद्राधीक्षकों के समन्वित प्रयास की सराहना की। वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्रवेश द्वार पर सघन जांच (फ्रिस्किंग), मेटल डिटेक्टर के माध्यम से जांच एवं पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई थी। परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एवं संदिग्ध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी गई, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सकी। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा के सफल संचालन हेतु दण्डाधिकारी, पुलिस बल एवं उड़नदस्ता दल की प्रतिनियुक्ति कर व्यापक व्यवस्था की गई थी। सभी केंद्रों पर समयबद्ध तरीके से प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण एवं संकलन सुनिश्चित किया गया।

## कदमा में नि:शुल्क शिविर में 70 लोगों ने कराया स्वास्थ्य जांच

**जमशेदपुर/संवाददाता।**

कदमा स्थित रिवर मोड रोड, कागलनगर, सोनारी क्षेत्र कदमा शास्त्री नगर 04नं श्री श्री सार्वजनिक संतोषी माता मंदिर के समीप में महाकाल सेवा कमेटी के तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह सराहनीय सेवा कार्य पिछले 10 वर्षों से निरंतर चलाया जा रहा है। इस शिविर का आयोजन ब्रह्मानंदम हॉस्पिटल के सहयोग से किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया। शिविर में 70




से भी अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच किया गया। शिविर में मरीजों को निःशुल्क जांच, परामर्श एवं आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं, साथ ही स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया गया। इस आयोजन में ब्रह्मानंदम हॉस्पिटल के सहयोगी एम. श्रीनिवास राव (सीईओ), डॉ. कृष्ण कांत कुशवाहा, डॉ. जे. के. गांगुली, सुकुमार दास (एचआर), निराज कुमार पासवान एवं अनामिका कुमारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। महाकाल सेवा कमेटी के संरक्षक मुन्ना सिंह एवं संस्थापक एवं अध्यक्ष मंटू सिंह के मार्गदर्शन में यह शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी कार्यक्रम जारी रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। इसे सफल बनाने में गुड्डू , राजू राव, श्याम लाल, नितेश कुमार, नितीश, कौशल, रोनित, शिवम, सुमित, सौरव, अविनाश, प्रकाश, अमित, दीपक, नंदू, रंजन तिवारी, शुभाष गुप्ता, नकुल चौहान मनोज साहू अक्षय एवं संतोष आदि का योगदान रहा।



» आज बड़का चुम्मा उचरंगा में वार्ड सदस्य श्री तुलसी महतो की पुत्री के शादी समारोह में जिला परिषद दयावती देवी प्रतिनिधि ज्योतिंद्र प्रसाद साहू शामिल हुए

## चांडिल: एनएच-18 पर पिटकी रेलवे ओवरब्रिज 4 साल बाद भी अधूरा, 708 करोड़ की परियोजना में भ्रष्टाचार के आरोप, उच्च स्तरीय जांच की मांग

**सरायकेला/संवाददाता।**

राष्ट्रीय राजमार्ग-18 पर पितकी रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य भारी देरी, भ्रष्टाचार और अनियमितता के गंभीर आरोपों के घेरे में आ गया है। वर्ष 2019 में शुरू हुई इस परियोजना को 2022 तक पूर्ण होना था, लेकिन 2026 तक भी यह अधूरी पड़ी है। इससे चांडिल-घोरानेगी क्षेत्र में रोज भीषण जाम और हादसों का खतरा बना हुआ है।

7 साल में सिर्फ 7 रेलवे ब्लॉक विस्थापित अधिकार मंच फाउंडेशन के अध्यक्ष राकेश रंजन महतो ने मामले को उठाते हुए कहा कि 1.4 किलोमीटर लंबा, 56 पिलर वाला और लगभग 12 मीटर ऊंचा यह ओवरब्रिज 708 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा है। 8 वर्षों में अब तक केवल 7 रेलवे ब्लॉक लगाए जा सके हैं, जबकि कुल 9 ब्लॉक प्रस्तावित थे। निर्माण एजेंसी और एनएचएआई की लापरवाही साफ दिख रही है।







**● रोज 5000 वाहन, 100 ट्रेनें प्रभावित:**

उन्होंने बताया कि प्रतिदिन लगभग 5000 वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं तथा 100 से अधिक ट्रेनें पिटकी रेलवे गेट को पार करती हैं। ओवरब्रिज के अधूरे रहने के कारण चांडिल-घोरानेगी क्षेत्र में लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है। एम्बुलेंस फंस जाती हैं, स्कूली बच्चों और ऑफिस जाने वालों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। रेलवे फाटक बंद होने से 5-5 किमी तक वाहनों की कतार लग जाती है।

कहां गया पैसा, जांच हो राकेश रंजन महतो ने सवाल उठाया कि 708 करोड़ की परियोजना 4 साल देरी के बाद भी अधूरी क्यों है? इतनी बड़ी राशि के बाद भी काम कछुआ चाल से चल रहा है। गुणवत्ता से भी समझौता हुआ है। पिलर में दरारें दिख रही हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री, केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री और उइक से उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि 3 महीने में काम शुरू नहीं हुआ तो ठत्र-18 जाम कर अनिश्चितकालीन आंदोलन होगा। एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने कहा कि रेलवे से ब्लॉक मिलने में देरी हुई, जल्द काम पूरा होगा।

## जीआईटीबी का 15वां संस्करण 28 अप्रैल तक

# राजस्थान को एक वर्ल्ड-क्लास पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करना हमारा लक्ष्य : दिया कुमारी, उप मुख्यमंत्री

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** द ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाजार (जीआईटीबी) के माध्यम से निवेश, रोजगार और वैश्विक साझेदारियों को बढ़ावा देते हुए प्रदेश सरकार राजस्थान को एक वर्ल्ड-क्लास टूरिज़्म डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। जीआईटीबी केवल एक पर्यटन आयोजन नहीं, बल्कि साझेदारी, विस्तार और वैश्विक अवसरों के लिए उपयुक्त मंच है। इसके 15वें संस्करण के साथ राजस्थान की पर्यटन क्षेत्र में बढ़ती नेतृत्व क्षमता और भारत की वैश्विक भागीदारी और मजबूत हुई है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 'विकसित भारत 2047' के विज़न के अनुरूप पर्यटन आज विकास, रोजगार और सांस्कृतिक आत्मविश्वास का प्रमुख आधार बन चुका है, और राजस्थान में यह लाखों लोगों की आजीविका से जुड़कर समावेशी आर्थिक विकास को गति दे रहा है। यह बात आज राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने द ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाजार के 15वें संस्करण के होटल जय महल पैलेस में आयोजित उद्घाटन सत्र में संबोधन के दौरान कही।



उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आगे कहा कि ₹मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जी के नेतृत्व में पर्यटन को 'ग्रोथ इंजन' के रूप में आगे बढ़ाया जा रहा है, जिसमें पारदर्शी प्रशासन, निजी निवेश और सस्टेनेबिलिटी को प्राथमिकता दी गई है। उदयपुर की झीलों, थार के रेगिस्तान, जयपुर और चित्तौड़गढ़ के किलों, प्रमुख यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स, वाइल्डलाइफ डेस्टिनेशन्स और 660 से अधिक हवेलियों के संरक्षण जैसे प्रयासों के साथ राजस्थान अनुभव-आधारित पर्यटन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। बेहतर कनेक्टिविटी, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, टक्कए, फिल्म और स्पिरिचुअल टूरिज़्म के विस्तार के साथ राज्य को वर्षभर सक्रिय पर्यटन गंतव्य बनाया जा रहा है।

इस अवसर पर मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार, श्री वी. श्रीनिवास ने कहा कि ₹राजस्थान आज केवल अपनी ऐतिहासिक विरासत के कारण ही नहीं, बल्कि निवेश-अनुकूल नीतियों, सरल प्रक्रियाओं, समयबद्ध निर्णय व्यवस्था और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण एक आकर्षक, वर्षभर सक्रिय पर्यटन गंतव्य के रूप में उभर रहा है। हेरिटेज टूरिज़्म, डेज़र्ट सर्किट्स, वाइल्डलाइफ एक्सपीरियंस, वेलनेस, फेथ-बेस्ड ट्रैवल, रूरल और इको-टूरिज़्म जैसे विविध क्षेत्रों में सहयोग और निवेश के व्यापक अवसर उपलब्ध हैं। बेहतर रोड, रेल और एयर कनेक्टिविटी, पीपीपी-आधारित पहल और डिजिटल सिस्टम्स के माध्यम से पर्यटन प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। हमारा उद्देश्य केवल पर्यटकों की संख्या बढ़ाना नहीं, बल्कि पर्यटन को रोज़गार सृजन, स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और क्षेत्रीय विकास का मजबूत आधार बनाना है।₹



अतिरिक्त सचिव एवं महानिदेशक, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार, श्री सुमन बिल्ला ने अपने संबोधन में कहा कि ₹माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विज़न के तहत भारत का लक्ष्य अगले 10 वर्षों में पर्यटन के जीडीपी में योगदान को 5.2% से बढ़ाकर 10% तक ले जाने का है। उन्होंने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत विश्व की सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है, और देश में इंफ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विस्तार हुआ है। वर्ष 2014 से हवाई अड्डों की संख्या 75 से बढ़कर 150 हो गई है और रेल नेटवर्क में भी उल्लेखनीय सुधार हुए हैं। 2014 से 2025 के बीच घरेलू पर्यटकों के आगमन की संख्या 1.5 बिलियन से बढ़कर 4 बिलियन तक पहुंच गई हैं, जबकि विदेशी पर्यटकों की संख्या भी दोगुनी वृद्धि के साथ 10 मिलियन से 20 मिलियन तक पहुंची है। भारत की समृद्ध सांस्कृतिक क्षमता पर जोर देते हुए उन्होंने होटल क्षमता को दोगुना करने, विश्वस्तरीय पर्यटन स्थलों के विकास और उच्च मूल्य वाले अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित करने की आवश्यकता बताई। साथ ही, उन्होंने कहा कि जीआईटीबी छोटे हितधारकों को बड़े वैश्विक भागीदारों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।₹

शासन सचिव, पर्यटन, राजस्थान सरकार, शुचि त्यागी ने कहा कि ₹राजस्थान सरकार ने पर्यटन को 'ग्रोथ इंजन सेक्टर' के रूप में प्राथमिकता दी है, जिससे नीति, निवेश और स्थानीय सहभागिता एक साथ आगे बढ़ें। इसी दृष्टि के अनुरूप जीआईटीबी के मंच से राजस्थान को एक समेकित, अनुभव-आधारित और निवेश-उन्मुख पर्यटन गंतव्य के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। जीआईटीबी का उद्देश्य राज्य की विविध पर्यटन क्षमताओं को वैश्विक ट्रैवल बाजार से जोड़ना है तथा नीति और बाजार के बीच की दूरी को समाप्त करते हुए पर्यटन नीतियों को सीधे टूर ऑपरेटर्स, निवेशकों और ट्रैवल इंडस्ट्री के हितधारकों तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जा सके। इस आयोजन में स्थानीय गाइड्स, कार रेंटल ऑपरेटर्स, स्वयं सहायता समूहों और ईको-टूरिज़्म पहलों को विशेष रूप से जोड़ा गया है। यह पहल पर्यटन, संरक्षण और आजीविका के बीच संतुलन स्थापित करने वाले मॉडल को आगे बढ़ाती है।₹

इससे पूर्व, पूर्व अध्यक्ष, फिक्की; मेंटर, फिक्की पर्यटन समिति और सीएमडी, द ललित सूरी हॉस्पिटैलिटी ग्रुप, डॉ. ज्योत्सना सूरी ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि ₹पिछले 15 वर्षों में जीआईटीबी ने पब्लिकझ्रप्राइवेट पार्टनरशिप की शक्ति का एक मजबूत उदाहरण प्रस्तुत किया है, जिसमें राजस्थान सरकार, फिक्की और भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के बीच मजबूत समन्वय तथा पर्यटन उद्योग के हॉस्पिटैलिटी, ट्रैवल ट्रेड और अन्य हितधारकों की निरंतर भागीदारी इसकी सफलता का आधार रही है। आज जीआईटीबी एक वैश्विक इनबाउंड टूरिज़्म मार्केटप्लेस के रूप में स्थापित है, जो अंतरराष्ट्रीय खरीदारों और भारतीय विक्रेताओं के बीच महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है और भारत को विविधता एवं समृद्ध पर्यटन गंतव्य के रूप में मजबूत करता है। आगे भी जीआईटीबी भारत को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर नई ऊंचाइयों तक ले जाने, नई साझेदारियां बनाने और नए अवसर सृजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा।

सेक्रेटरी जनरल, फिक्की, श्री अनंत स्वरूप ने अपने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जीआईटीबी के 15वें संस्करण में 50 से अधिक देशों से आए 185 से अधिक विदेशी टूर ऑपरेटर्स की भागीदारी हो रही है, साथ ही भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय, मेज़बान राज्य राजस्थान, विभिन्न राज्य पर्यटन बोर्ड्स, होटल्स, रिसॉर्ट्स और देशभर के डीएमसी की विविध प्रदर्शनी भी शामिल है। अगले दो दिनों में यह मंच 10,000 से अधिक प्री-शेड्यूल्ड बीटूबी मीटिंग्स को सुगम बनाएगा, जिससे यह 2008 में अपनी स्थापना के बाद से भारत के प्रमुख इनबाउंड टूरिज़्म प्लेटफॉर्म के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत करता है।

उद्घाटन सत्र के दौरान अतिथियों द्वारा 'रीइमेजनिंग इनबाउंड टूरिज्म इन इंडिया - ट्रेंड्स, टेक्नोलॉजी एंड ट्रांस्फॉर्मेशनल अपॉर्च्यूनिटीज टूवर्ड्स इन्क्रेडिबल इंडिया 4.0' थीम पर फिक्की-ईवाय नॉलेज पेपर का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान सरकार, पर्यटन, कमिश्नर, रुक्मणी रियार और फिक्की राजस्थान स्टेट काउंसिल के को-चेयरमैन श्री सुरेंद्र सिंह शेखावत भी उपस्थित रहे।

वहीं, एग्जीबिशन का उद्घाटन 27 अप्रैल को सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा सुबह 11 बजे किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जीआईटीबी का आयोजन राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग, भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। इस आयोजन को राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (राटो), इंडियन हेरिटेज होटल्स एसोसिएशन (आईएचएचए) और होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (एचआरएआर) जैसे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और क्षेत्रीय एसोसिशंस का सहयोग प्राप्त है।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व शिक्षा मंत्री के नेतृत्व में विधानसभा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का स्वागत किया



**चमकता राजस्थान/ रघुनंदन पारीक श्रीनगर अजमेर।** आज दिनांक 26-4-2026 को पीसीसी उपाध्यक्ष नसीम अख़्तर इंसाफ के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री टीकाराम जूली का स्वागत किया। टीकाराम जूली जी नौसर में आयोजित यज्ञ में शामिल हुए और इस स्वागत कार्यक्रम के पश्चात साईं बाबा के धाम भी गए। इनके साथ आरटीडीसी के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़, अजमेर शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार जयपाल साथ थे। इस दौरान पूर्व पालिकाध्यक्ष दामोदर शर्मा, वरिष्ठ नेता दामोदर मुखिया, बाबूलाल दग्दी, बैद्यनाथ पाराशर, टीकम शर्मा, जगदीश कुर्डिया,शरद वैष्णव, गोपाल तिलानिया,भागचंद दग्दी संजय दग्दी, सोनू नागौरा, जितेंद्र गहलोत, विकास मुखिया,सुरेश पाराशर, गौरीशंकर पाराशर, प्रेमप्रकाश बाकोलिया, रविशंकर धौलपुरिया, मजीद खान आदि मौजूद थे।

### अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति की आयोजित हुई पहली प्रदेश कार्यकारिणी बैठक




**चमकता राजस्थान/अजमेर।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति की अजमेर आयोजित पहली प्रदेश कार्यकारिणी बैठक व शपथ ग्रहण समारोह में ब्यावर मारवाड़ी महिला समिति की 5 सदस्यों ने भाग लिया। जिसमें ब्यावर शाखा की संस्थापक ओर अध्यक्ष ममता गुप्ता,सचिव राजरानी गुप्ता,उपाध्यक्ष सुमन झवर, कोषाध्यक्ष आशा मूंदड़ा, ओर पर्यावरण प्रमुख कविता सिंघल उपस्थित रही।प्रदेश अध्यक्ष अंबिका हेडा के नेतृत्व में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की पदाधिकारियों द्वारा ब्यावर शाखा की कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। सचिव राजरानी गुप्ता ने बताया कि ब्यावर शाखा की अध्यक्ष ममता गुप्ता को प्रादेशिक कार्यकारणी में महिला सशक्तिकरण के संयोजक के रूप में भी शपथ दिला कर दायित्व दिया गया। प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में विभिन्न प्रकल्पों पर चर्चा की गई। ब्यावर मारवाड़ी महिला समिति ने आज नारी जन जागृति संस्थान के सयुक्त तत्वाधान में मसूदा रोड स्थित गौशाल में गाय को चारा ओर दलिया और मूक पक्षियों के दाना पानी कर सेवा कार्य किया। ब्यावर मारवाड़ी महिला समिति में पायल गोयल, अंजली भूतड़ा, नाथी काबरा,रचना गुप्ता,शशि कला शर्मा,शशि शारदा, राधा गुप्ता, मीनाक्षी गुप्ता , कल्पना गर्ग कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में शपथ ली है ।

## थाना जनकपुरी पुलिस टीम ने वहान चोर गिरोह पर लगाई लगाम

# जिला अस्पताल परिसर से बाइक चोरी करने वाले शातिर चोरों के गिरोह का पर्दाफाश

चमकता राजस्थान

**अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** जिले में वाहन चोरी की घटनाओं पर बड़ा प्रहार करते हुए थाना जनकपुरी पुलिस ने अस्पताल परिसर में सक्रिय एक अंतर्राज्यीय स्तर के शातिर चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। एसपी सिटी व्योम बिन्दल ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि जनकपुरी प्रभारी निरीक्षक नेमचन्द सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 4 ऐसे शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है, जो जिला अस्पताल और महिला अस्पताल से लगातार मोटरसाइकिलें पार कर रहे थे।



पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और गहन जांच के आधार पर अंकित, असीम, उस्मान और यूसुफ को अलग-अलग स्थानों से दबोचा। पूछताछ में इन शातिर चोरों ने जो खुलासा किया, वह बेहद चौंकाने वाला है। शातिर चोर अंकित अस्पताल से बाइकें चोरी करता था और उन्हें असीम को 2000 रुपये प्रति बाइक के हिसाब से बेच देता था। असीम अपनी पहचान छिपाने और पकड़े जाने के डर से चोरी की इन बाइकों को तुरंत काट देता था और उनके पुर्जे अपने ही गांव के कबाड़ियों, उस्मान और यूसुफ को 4000 रुपये में सप्लाई कर देता था। ये शातिर चोर सबूत मिटाने के लिए बाइकों को रेहड़ों में तब्दील कर देते थे या उनके पार्ट्स अलग-अलग करके बेच देते थे।

पुलिस ने इनके पास से चोरी की बजाज उळ-100, 4250 रुपये नकद, 4 मोटर साइकिल रेहड़े और कटे-फटे पुर्जों से भरे कई प्लास्टिक के कट्टे बरामद किए हैं। बीते 9 अप्रैल से 25 अप्रैल के बीच जिला अस्पताल और महिला अस्पताल से चोरी हुई बाइकों के संबंध में दर्ज 7 अलग-अलग मुकदमों का खुलासा करते हुए पुलिस ने इन सभी शातिर चोरों को जेल भेजने की कार्रवाई पूरी कर ली है। जनकपुरी पुलिस की इस त्वरित और सटीक कार्रवाई ने न केवल वाहन स्वामियों को राहत दी है, बल्कि शातिर चोरों के पूरे नेटवर्क को भी नेस्तनाबूद कर दिया है।

## ऑपरेशन गरिमा के तहत छात्राओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया, थानाधिकारी ने बढ़ाया मनोबल



**चमकता राजस्थान/धौलपुर रामदास तरुण/बाड़ी उपखंड की खबर, बाड़ी।** श्री नागाबाबा पंचम गिर आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय बाड़ी में ऑपरेशन गरिमा अभियान के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर थानाधिकारी बाड़ी श्री देवेन्द्र कुमार शर्मा ने विद्यालय की प्रार्थना सभा में उपस्थित होकर छात्र- छात्राओं को संबोधित किया।कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद विद्यालय प्रबंध समिति के व्यवस्थापक कल्याण प्रसाद शर्मा एवं प्राचार्य राम अवतार शर्मा द्वारा थानाधिकारी को शील्ड एवं पीताम्बर भेंट कर अतिथि के रूप में सम्मानित किया गया।अपने संबोधन में थानाधिकारी ने विशेष रूप से छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि उन्हें किसी भी प्रकार की अनुचित हरकत या गलत नजर से डरने की आवश्यकता नहीं है। यदि कोई व्यक्ति गलत व्यवहार करता है, तो इसकी सूचना तुरंत अपने अभिभावकों या पुलिस को दें। उन्होंने बताया कि पुलिस हमेशा सहायता के लिए तत्पर रहती है, और ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई की जाती है। उन्होंने छात्राओं को पुलिस सहायता केंद्र के महत्वपूर्ण नंबर भी साझा किए और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं में आत्मविश्वास का संचार हुआ और उन्होंने खुलकर अपनी जिज्ञासाएं भी व्यक्त कीं। थानाधिकारी ने सभी को भयमुक्त वातावरण में शिक्षा ग्रहण करने का संदेश दिया। अंत में प्राचार्य राम अवतार शर्मा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों के लिए अत्यंत लाभकारी हैं।

# कृषि और ग्रामीण विकास को गति देने ग्राम रथ अभियान 27 अप्रैल से शुरू, गांव-गांव पहुंचेगी योजनाओं की जानकारी

चमकता राजस्थान

धौलपुर रामदास तरुण। प्रदेश में कृषि और ग्रामीण विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से 27 अप्रैल से 15 दिवसीय ग्राम रथ अभियान प्रारंभ किया जाएगा। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि यह अभियान राज्य सरकार की कृषि, पशुपालन एवं ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बनेगा।मुख्य सचिव ने रविवार को शासन सचिवालय में आयोजित



बैठक के दौरान बताया कि किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने और कृषि क्षेत्र में निवेश बढ़ाने के लिए जयपुर में 23 से 25 मई तक 'ग्राम-2026' का आयोजन किया जाएगा। इसी आयोजन के प्रचार-प्रसार के लिए ग्राम रथ अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्रों में ग्राम रथों का रूट चार्ट तैयार कर अभियान का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करें। साथ ही संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं। गर्मी के मौसम को देखते हुए समर कंटीजेंसी कार्यों को भी प्राथमिकता से पूरा करने पर जोर दिया गया। मुख्य सचिव ने कहा कि अभियान से जुड़े 13 विभाग प्रतिदिन मॉनिटरिंग करें, ताकि योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों की तैयारियों की समीक्षा भी की गई। अभियान के दौरान ग्रामीणों से सुझाव प्राप्त करने के लिए सुझाव पेटिका रखी जाएगी। साथ ही मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के संदेश छएऊ स्क्रीन के माध्यम से प्रसारित किए जाएंगे। जिला स्तर पर जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929